3 बस्तर संभाग
बस्तर संभाग के सातों जिलों से लगभग 1000 साहू युवक ...

6 अभिमत
राष्ट्रवाद के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी

10 संस्कारधानी
आदिवासी बच्चों की डिजिटल शिक्षा की आड़ में लाखों ...

11 छत्तीसगढ़
नशा मुक्ति अभियान को लेकर 2 हजार किलो मीटर से ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 28 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 126 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### शराब ठेकेदार के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लुधियाना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय पंजाब के जालंधर की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को एक पुराने बैंक धोखाधड़ी मामले में लुधियाना के प्रमुख शराब ठेकेदार चरणजीत बजाज और उनके सहयोगियों के दस से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। इससे पहले गत सप्ताह आबाकारी विभाग की ओर से बरनाला में चन्नी बजाज के ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। ईडी के सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी 2019 में सीबीआई द्वारा मैसर्स प्योर मिल्क प्रोडक्ट्स के खिलाफ दर्ज किए गए मामले में किए गए हैं। बजाज और उनकी पत्नी मैसर्स प्योर मिल्क प्रोडक्ट्स के निदेशक थे।

### जनवरी के चौथे सप्ताह से मिलेगी कोविड नासिका दवा

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि कोविड महामारी के लिए नाक से दी जाने वाली कोविड नासिका दवा 'इन्कोवाक (बीबीवी 154)' अगले वर्ष जनवरी के चौथे सप्ताह से बाजार में तथा सरकारी स्तर पर उपलब्ध करा दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह कोविन पोर्टल के माध्यम से मिलेगी। इसे कोवैक्सिन और कोविशील्ड कोविड टीका लेने वाले सभी वयस्क व्यक्ति तीसरी या बूस्टर डोज के तौर पर ले सकेंगे। यह दवा निजी अस्पतालों को 800 रुपए प्रति खुराक और सरकार को 325 प्रति खुराक मिलेगी।

### रुपया 25 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रहने के बावजूद आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे लुढ़ककर 82.90 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 82.65 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया था।

# राज्यपाल आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने के ढूढ़ रही हैं बहाने : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया हैं कि विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित आरक्षण विधेयक पर भाजपा के दबाव में राज्यपाल अनुसुईया उइके हस्ताक्षर नही करने के बहाने ढूढ़ रही हैं। बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम पर रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधानसभा में पेश करने के लिए बिल सम्बधित विभाग तैयार करता हैं और उसे फिर मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हैं। मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद इसे विधानसभा की एडवाइजरी कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हैं। इसके अनुमोदन के बाद सदन के पटल पर रखा जाता हैं। यह सभी प्रक्रिया पूरी की गई है। उन्होने कहा कि विधानसभा में सर्वसम्मति से विधेयक पारित हुआ है,और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने भी इस पर हुई चर्चा में भाग लिया। इसके बाद भी राज्यपाल भाजपा के दबाव में उस पर हस्ताक्षर नही कर रही हैं। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल आए दिन राज्यपाल से मिलते



रहते है लेकिन कभी किसी ने राज्यपाल से हस्ताक्षर का अनुरोध नही किया,जबकि सदन में सर्वसम्मति से पारित होने में सहयोग किया। बघेल ने कहा कि विधिक सलाह लेने के नाम पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर नही किया,और सरकार से 10 बिन्दुओं पर जवाब मांग लिया। अधिकारियों ने जवाब नही देने की सलाह दी लेकिन फिर भी उनकी सरकार ने सभी बिन्दुओं पर जवाब दे दिया। उन्होने कहा कि राज्यपाल का विधिक सलाहकार कौन है,एक सलाहकार तो एकात्म परिसर(भाजपा का स्थानीय कार्यालय) में बैठता हैं,क्या वह विधानसभा से बड़ा हो गया हैं। उन्होने कहा कि राज्यपाल या तो विधेयक को वापस करे या फिर उसे राष्ट्रपति के बाद भेजे या फिर इसे अनिश्चितकाल के लिए रोक कर रख ले। वह तीसरे विकल्प को अपना कर इसे रोक कर रखना चाहती हैं और हस्ताक्षर नही करना चाहती हैं। वह केवल इसके लिए बहाने ढूढ़ रही हैं। उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह के एक अंग्रेजी अखबार में आरक्षण विधेयक पर दिए बयान के लिए भी उनकी तीखी आलोचना की। भ्रष्टाचार को लेकर उऩकी सरकार पर भाजपा के लगातार लगाए जा रहे आरोपो पर बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि यह गोलवलकर को मानने वाले लोग है,और इनकी नीति ही है कि झूठ को इतनी बार बोलों कि लोग जब तक इसे सच नही मानने लगे। उन्होने कहा कि 15 वर्षों तक जनता को नान,धान एवं खदान के नाम पर लूटने वालो को बताना चाहिए कि चार वर्षों में उनकी सरकार ने डेढ़ लाख करोड़ रूपए सीधे किसानों,मजदूरों समेत विभिन्न वर्गों के बैंक खातों में सीधे डाले हैं,तो इसमें कैसे भ्रष्टाचार हो गया। उन्होने स्काईवाक मामले में भाजपा के आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि इस पर भाजपा के नेता सीधा जवाब क्यों नही देते।

## समाज को गुमराह कर रहे मुख्यमंत्री : नेताम

आदिवासी समाज के संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि सर्व आदिवासी समाज



के लिए 32 प्रतिशत आरक्षण को लेकर अलग से अध्यादेश या विधेयक लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थिति में आदिवासी समाज के 32 प्रतिशत आरक्षण केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से अधिमान्य है। नेताम ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वो आदिवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। 76 फीसदी आरक्षण का का कोर्ट में फंसने की पूरी संभावना है। इसके लिए बिना वजह आदिवासियों के संरक्षक और राज्यपाल के खिलाफ स्तरहीन और अवैधानिक टिप्पणियां कर लोगों को उकसा रहे है। यदि पृथक अध्यादेश नहीं लाते है, तो सर्व आदिवासी समाज अपने अधिकार के लिए उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**अब आम चुनाव लड़ने पर विचार कर रहेः नेताम -** नेताम ने कहा कि भानुप्रतापपुर उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन से सर्व आदिवासी समाज गदगद है। समाज आम चुनाव में भी प्रत्याशी उतारने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भानुप्रतापपुर में समाज के प्रत्याशी अकबर कोर्राम को मिले मत से हिम्मत बढ़ी है, और हम संदेश देने में कामयाब रहे है। कोर्राम को भानुप्रतापपुर उपचुनाव में करीब 23 हजार वोट मिले थे। उन्होंने कहा कि असल मुद्दों को महिलाओं तक बिल्कुल नहीं पहुंचा पाए। समय बिल्कुल नहीं था फिर भी आम सहमति से प्रत्याशी तय कर लिया गया। नेताम ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए अच्छा समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि हम समाज का संदेश देने में कामयाब हो गए इससे हौसला बढ़ा है। विधानसभा चुना वमें 11 महीने बाकी है। ऐसे में समाज अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों के अलावा उन सीटों पर जहां आदिवासी आबादी 25 से 40 प्रतिशत तक है वहीं भी प्रत्याशी उतारने पर विचार कर सकती है। इस मामले में आने वाले दिनों में फैसला लिया जाएगा।

## ओबीसी आरक्षण के बिना स्थानीय निकाय चुनाव करायें : उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मंगलवार को स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि? अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के बगैर तत्काल स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएं। न्यायालय के फैसले के बाद ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें अब सामान्य मानी जाएंगी। न्यायालय ने शीतकालीन अवकाश के दौरान अपना फैसला सुनाते हुए स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने को लेकर यह बात कही है। अदालत ने निकाय चुनाव के लिए पांच दिसम्बर को सरकार के अनंतिम ड्राफ्ट आदेश को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को निकाय चुनावों को बिना ओबीसी आरक्षण के ही कराने के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लावानिया की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया।

# हादसों में दो दोस्त और दो सगे भाईयों की मौत

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो दोस्तों और दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र अतंर्गत नगरी-धमतरी मार्ग स्थित डेविड ढाबा के पास कल रात खड़ी हाईवा में पीछे से मोटरसाइकिल में सवार दो दोस्त अमाली निवासी दो युवक अभय नेताम और ऋषभ मंडावी टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। नगरी थाना के स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे जहां दोनों को नगरी सरकारी अस्पताल लाकर मचुरी में रखा गया। आज सुबह पोस्टमार्टम करने के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया गया। इसी तरह बस की ठोकर से बाइक सवार




दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खेमराज कोसले 23 वर्ष और जसवंत कोसले 22 वर्ष दोनों सगे भाई निवासी केंद्री थाना अभनपुर, कोड़ेबोड़ के पास ग्राम सांकरा में मंडई घूमने आए हुए थे। सोमवार रात लगभग 11 बजे अपनी बाईक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिरेझर पुलिस चौकी अंतर्गत कोड़ेबोड़ में रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही महिंद्रा बस ने ठोकर मार दी। जिसमें खेमराज कोसले की मौके पर ही मौत हो गई। जसवंत को गंभीर अवस्था में धमतरी मसीही अस्पताल लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। मंगलवार को कुरूद में खेमराज का और धमतरी जिला अस्पताल में जसवंत का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## चुनाव आयोग ने असम में विधानसभा संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन किया शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8ए के तहत असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की कवायद शुरू करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नवीनतम गतिविधि केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर राज्य में परिसीमन का संचालन करने का आग्रह करने के बाद शुरू की गयी है। आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे एवं अरुण गोयल के नेतृत्व वाले आयोग ने असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया है कि वे इस मामले को राज्य सरकार के साथ उठाएं ताकि नई प्रशासनिक इकाइयों के निर्माण पर एक जनवरी से परिसीमन अभ्यास पूरा करने तक पूर्ण प्रतिबंध जारी किया जा सके।

# 2023 में सरकार आते ही एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित करेगी कांग्रेस

■ कांग्रेस ने किया हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में पिछले 2 सप्ताह से आंदोलन कर रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को कांग्रेस का खुला समर्थन मिला हैं। कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों से भेंट कर उनकी मांगों को जायज बताया। यहीं नहीं कांग्रेस के द्वारा यह कहा जा रहा है कि 2023 में सरकार बनते ही एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तत्काल नियमित किया जाएगा।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कोरोना जैसी महामारी में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाई तब शिवराज सरकार इनपर फूलों की वर्षा कर रही थी। इन्हें कोरोना



योद्धा कहा जाता रहा आज यह अपनी मांगों को लेकर सरकार से अपनी बात रखना चाहते हैं तो सरकार डंडा बरसा रही हैं कर्मचारियों को जेल भेज रही है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को आश्वासन दिया की मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही एनएचएम में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित करेगें।

### शिवराज सरकार ने कहा कर्मचारियों के हित में काम करने वाली हमारी सरकार

मध्यप्रदेश के स्वास्थ मंत्री प्रभुराम चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार कर्मचारियों के हित में काम करने वाली सरकार है। मंत्री चौधरी ने कहा कि हमारी बात चल रही है। उन्हानें कहा कि हमने कहा था कि हडताल वापस ले लें उनकी मांगों पर हम बात करके विचार करेंगें। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का काम ही है भडकाना, अराजकता फैलाना।

### कर्मचारियों का ऐलान आश्वासन से नहीं नियमितीकरण के आदेश के बाद ही हड़ताल होगी वापस

प्रदेशभर में तकरीबन 14 दिन से हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने साफ तौर पर कह दिया है कि शिवराज सरकार सिर्फआश्वासन देती है। 2018 में नियम बनाया उसका लाभ आजतक नहीं मिल रहा। सरकार इस बार नियमितीकरण का आदेश जारी करेगी तभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल वापस लेगें वर्ना वे इसी तरह मैदान में डटे रहेंगे। संगठन ने इस बार आंदोलन को लेकर साफहक दिया है कि जरुरत पड़ी तो संविदा में कार्यरत 32000 कर्मचारी एक साथ सामुहिक इस्तीफा सौंप देंगे। लेकिन बिना नियमितीकरण के हड़ताल की वापसी नहीं होगी।

कोविड से निपटने के लिए उपकरण, दवाइयां और मानव संसाधन का तैयार रहना बेहद आवश्यक

# देशभर में कोविड से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

विदेशों में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए देश में मंगलवार को कोरोना महामारी से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिला स्तर पर मॉक ड्रिल की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया मॉक ड्रिल देखने के लिए नयी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पूरी तैयारियों का सुचारू संचालन देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड से निपटने के लिए उपकरण, दवाइयां और मानव संसाधन का तैयार रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महामारी से बचने के लिए कोविड मानकों का पालन और भ्रमित जानकारियों से बचना जरूरी है। कोविड माक ड्रिल का उद्देश्य पिछले अनुभव के आधार पर महामारी से निपटने की तैयारियों को परखना है। यह माक ड्रिल देशभर में जिला स्तर पर की गई। इसमें कोविड से निपटने के लिए आवश्यक विशेष कोविड अस्पतालों, बिस्तरों, दवाईयों, आक्सीजन की उपलब्धता और आपूर्ति, वेंटीलेटर तथा एम्बूलेंस का सुचारू हालत में होना सुनिश्चित किया गया। केंद्र सरकार के कोविड-19 ग्रील मॉक ड्रिल के संबंध में जारी किए गए निर्देशों के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों की भौतिक उपस्थिति में की गई। इसके अंतर्गत चिकित्सा तरल ऑक्सीजन की उपलब्धता और आपूर्ति तथा संबंधित उपकरणों को विशेष तौर पर जांच आ गया। इससे पहले कल देर शाम श्री मांडविया ने ने चिकित्सक समुदाय से कोविड से निपटने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा कि महामारी को लेकर भ्रांतियों और ग़लत जानकारियों को दूर किया जाना चाहिए।

### औषधि निर्माण संयंत्रों की होगी जांच

देशभर में औषधि निर्माण संयंत्रों की निरीक्षण के



लिए दो औषधि नियंत्रकों की संयुक्त समिति ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के निर्देशों के तहत, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन के साथ चिह्नित दवा निर्माण इकाइयों का संयुक्त निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि मानक संचालन प्रि याओं के अनुसार पूरे देश में संयुक्त निरीक्षण किए जा रहे हैं।

### मेकाहारा में मॉकड्रिल का आयोजन

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कोविड की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में आज कोरोना प्रबंधन (कोविड मैनेजमेंट) प्रोटोकॉल का मॉकड्रिल किया गया। शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप कोरोना प्रबंधन मॉकड्रिल के दौरान एक प्रतीकात्मक मरीज के माध्यम से चिकित्सकीय, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टॉफ के रैपिड रिस्पांस(त्वरित प्रतिक्रिया) को परखा गया।

चिकित्सालय के विशेषीकृत कोरोना वार्ड में मॉकड्रिल के दौरान इस बात की सुनिश्चितता की गई कि यदि भविष्य में कोरोना का कोई संभावित प्रकरण आता है तो किस तत्परता से उसका उपचार किया जाएगा। इस दौरान सभी तरह के जीवन रक्षक उपकरणों का प्रतीकात्मक रूप से उपयोग करते हुए उनकी क्रियाशीलता की जांच की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव ने ऑनलाइन जुड़कर मॉकड्रिल को देखा और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम, अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनित जैन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ एवं कोरोना के आईसीयू इंचार्ज डॉ. ओ. पी. सुंदरानी, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. पंडा, नेत्र रोग विभाग से डॉ. संतोष सिंह पटेल, जनरल सर्जरी से डॉ. संदीप चंद्राकर समेत चिकित्सालय के नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# पढ़ने की आदत स्वयं के विकास के लिए सबसे प्रभावी साधनों में से एक : मुर्मू

एजेंसी ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को पढ़ने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पढ़ने की आदत आत्म-विकास के सबसे प्रभावी साधनों में से एक है। मुर्मू ने यहां 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में आयोजित एक समारोह में केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा कौशल है जो जीवन भर छात्रों की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि यह इंटरनेट और सोशल मीडिया का युग है जब ध्यान देने की अवधि कम होती जा रही है और पात्रों में संचार सीमित है। उन्होंने छात्रों से अपनी समझ में सुधार करने और अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए अधिक पढ़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा वह नींव है जिस पर राष्ट्र का निर्माण होता है। यह प्रत्येक व्यक्ति की पूरी क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी की गतिविधियाँ कई गुना बढ़ गई हैं - 1940 में एक छोटे से स्कूल से नौ अलग-अलग कॉलेजों के साथ एक प्रमुख शैक्षिक केंद्र, जिसमें 11,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं। मुर्मू ने कहा कि यह वृद्धि जस्टिस केशव राव कोराटकर के आदर्शों को श्रद्धांजलि है जिनकी स्मृति



में समाज की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद की मुक्ति की 75वीं वर्षगांठ का समारोह 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह इस क्षेत्र के लोगों और पूरे देश के लिए बहुत महत्व रखता है। उन्होंने रामजी गोंड, तुर्रेबाज़ खान, कोमाराम भीम, सुरवरम प्रताप रेड्डी और शोयबुल्ला खान सहित हैदराबाद की मुक्ति के लिए लड़ने वाले बहादुर नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके मूल्य और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा तथा उनका सम्मान किया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब हम आजादी का अमृत महोत्सव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, तो हमारे लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी स्वतंत्रता केवल अतीत के दमनकारी शासकों से मुक्ति के बारे में नहीं है।

# स्कूल, आंगनबाड़ियों एवं अन्य सभी शासकीय भवनों की रंगाई-पुताई केवल गोबर पेंट से ही कराई जाए : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि गोबर पेंट के उत्पादन हेतु जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम साल्हे एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपराभाट के गौठानों में स्थापित की जा रही प्राकृतिक पेंट इकाईयों में शीघ्र उत्पादन सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए उन्होंने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाए एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अधोसंरचना से जुड़े चीजों के अलावा मशीन आदि की उपलब्धता सहित इस कार्य से जुड़े सभी तैयारियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर शर्मा मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा तोमर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं विभाग प्रमुखगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के इन तीनों स्थानों में प्राकृतिक पेंट इकाई स्थापित करने हेतु इससे जुड़े तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य से जुड़े लोगों को शीघ्र प्रशिक्षण आदि के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाए शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक पेंट इकाईयों से उत्पादन शुरू होने के पश्चात स्कूल, आंगनबाड़ियों एवं अन्य सभी शासकीय भवनों की रंगाई-पुताई केवल गोबर पेंट से ही कराई जाए। कलेक्टर ने कौशल विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए इस कार्य में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को उबला अण्डा प्रदान करने तथा कुपोषण दूर करने हेतु किए जा रहे अन्य उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए घर पहुॅच टिफिन पहुॅचाने हेतु शुरू की गई व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास से निवेशकों द्वारा चिटफंड कम्पनियों में जमा की गई राशि को वापस दिलाने हेतु प्रकरणों के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई के निर्देश भी दिए। शर्मा ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों में अधोसंरचना से जुड़े तथा स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और अध्ययन-अध्यापन के कार्यों की भी समीक्षा की।

**कलेक्टर में पैरादान के कार्यो की भी समीक्षा की-** शर्मा ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्यों की प्रगति की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए इस कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में इस कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के अधोसंरचना से संबंधित कार्यों को 15 फरवरी तक पूरा कराने तथा 1 मार्च से उत्पादन कार्य शुरू कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री शर्मा ने गौठानों में कराए जा रहे पैरादान के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड में हुए सराहनीय कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी गौठानों में समुचित मात्रा में पैरादान सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में ग्राम पंचायत स्तर, जोन स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर रामायण प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियॉ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गोबर नालियों में बहाने की शिकायत पर नपाध्यक्ष नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



नगर सरकार तुंहर द्वार दूसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग सहित पालिका टीम वार्ड क्रमांक 4 और 10 में भ्रमण किया गया। इस दौरान वार्ड नंबर 10 के नागरिकों ने डेरी संचालक द्वारा गोबर नालियों में बहाने की शिकायत पर नपाध्यक्ष ने डेरी संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर सरकार तुंहर द्वार के तहत संपर्क, समीक्षा और समाधान की तर्ज पर पहले चरण के दूसरे दिन वार्ड क्रमांक 4 और 10 के नागरिकों से संपर्क किया। और लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान सफाई को लेकर नागरिकों ने शिकायत करते हुए बताया कि, डेरी फार्म संचालक द्वारा नालियों में गोबर बहाने के कारण नालियों में गोबर की परते जमी हुई है। जिस पर नपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी को डेरी संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वही लोक निर्माण विभाग को नाली और सड़क से जुड़े 7 आवेदन मिले। इस दौरान देवार डेरा में पानी की समस्या बताई गई तो नपाध्यक्ष महिलांग ने जल विभाग को नल कनेक्शन लगाने के निर्देश दिए। वही राजस्व विभाग से जुड़े दो लोगों ने नामांतरण करने की मांग की। जिस पर नपाध्यक्ष ने नगर पालिका में नामांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी। इस तरह बुधवार को भी नगर सरकार तुंहर द्वार के तीसरे दिन वार्ड क्रमांक 5 और 6 में भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर पार्षद हफीज़ कुरैशी, कुमारी देवार, सीएमओ आशीष तिवारी, विभाग प्रमुख दिलीप कश्यप, दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श, अनुराग गुप्ता, जितेन्द्र महंती, यशवंत ठाकुर, ममता बग्गा, प्रेमशीला बघेल सहित पालिका कर्मचारीगण मौजूद थे।

28 Dec. 2022 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567



# बस्तर संभाग के सातों जिलों से लगभग 1000 साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



साहू समाज के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा मंदिर परिसर में साहू युवक- युवती परिचय सम्मेलन बस्तर संभाग के संयोजक व जिला साहू संघ सुकमा के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू (राजू साहू) के नेतृत्व में नारायणपुर जिला, जगदलपुर जिला व जिले के पदाधिकारियों का संयुक्त बैठक आयोजित कर साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि, 15 जनवरी 2023 रविवार जगदलपुर में बस्तर संभाग के सातों जिलों से संभाग स्तरीय साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें बस्तर संभाग के सातों जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा ,बीजापुर, बस्तर, कोण्डागांव ,नारायणपुर और कांकेर जिला से लगभग 1000 युवक युवती परिचय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ज्ञात हो कि, इस परिचय सम्मेलन में शासन द्वारा निर्धारित आयु सीमा वाले साहू युवक युवती हिस्सा ले पाएंगे। वही इनके अलावा विधवा ,विधुर व तलाकशुदा स्वजातीय युवक-युवती भी हिस्सा ले सकते हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में होने वाले व्यर्थ अब्यय को रोकना व आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करना और समाज में युवा शक्ति को आगे लाकर सुदृढ़ समाज व राष्ट्र का निर्माण करना हैं। इस अवसर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन के संयोजक व जिला साहू संघ सुकमा के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू (राजू साहू ) महासचिव गुप्तेश्वर प्रसाद गंगबेर, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैलाश साहू, पुरुषोत्तम साहू ,अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एनआर साहू दंतेवाड़ा, हरी राम साहू जिलाध्यक्ष जगदलपुर, जगजीवन राम साहू जिलाध्यक्ष नारायणपुर, बसंत कुमार साहू महासचिव, विजय कुमार साहू जिला सचिव, पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी, फरसगांव तहसील अध्यक्ष मोतीराम साहू, केशकाल तहसील अध्यक्ष बृजलाल साहू ,माकड़ी तहसील अध्यक्ष चंदन साहू, विश्रामपुरी तहसील उपाध्यक्ष गिरवर साहू, तहसील उपाध्यक्ष उमेश साहू, नगर अध्यक्ष प्रदीप साहू ,नगर संगठन सचिव अशोक साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# आदिवासी वाद्य यंत्र निर्माण का दिया जा रहा प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव स्थित शिल्पनगरी में 17 से 31 दिसंबर तक जिले के 60 से अधिक लोगो को 12 प्रकार के आदिवासी वाद्ययंत्रों के निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। ज्ञात हो कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मई 2022 में अपने कोण्डागांव प्रवास के दौरान आदिम संस्कृति के सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण को बढ़ावा देने व विलुप्त हो रहे आदिवासी वाद्ययंत्रों को पुर्नजीवित करने और लोगो को इसे पारम्परिक तरीकों से निर्माण विधि अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुसार आदिवासी विकास शाखा के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अधीन शिल्प नगरी में प्रारंभ किया गया हैं। जिसका शुभारंभ 17 दिसंबर को हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष सह विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप और विधायक मोहन मरकाम द्वारा किया गया था। इस संबंध में शिल्प बोर्ड के प्रबंधक अनिरुद्ध कोच ने बताया कि, आदिवासियों के द्वारा देवी देवताओं के पूजन, त्योहारों व विशेष अवसरों पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया जाता है। जो कि, लगातार विलुप्त हो रहे थे, उन्हें पुनर्जीवित करने हेतु मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर पारम्परिक रूप से 12 प्रकार के वाद्य यंत्रों का निर्माण ग्रामीणों को सिखाया जा रहा है,। जिसमें माटी मांदर, खुंट मांदर, ढोल, ढपरा, तुड़बुड़ी, निशान, ढुडरा, कोटोड़का, तोड़ी, तुरई, घाटी, कौड़ी, मयुर जाल का निर्माण 5 ग्रामीणों का सिखाया जा रहा हैं।

# कांति नाग का राज्यपाल पर तीखा प्रहार

- राज्यपाल पर कांति नाग ने लगाया आदिवासी समाज के विरोध में काम करने का आरोप
- कांति नाग बोली भाजपा नेताओं की जुबानी बोल रही है राज्यपाल

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



अपने आरक्षण संशोधन विधेयक पर पूरी कांग्रेस पार्टी अब आक्रामक रुख अपनाते हुए नजर आ रही है. मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों के बाद अब कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्य योजना आयोग की सदस्य कांति नाग ने राज्यपाल अनुसुइया उइके की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा, राज्यपाल की संतुष्टि के लिए सरकार द्वारा सवालों के जवाब भेजे गए, लेकिन उसके बाद भी राज्यपाल विधेयक को टालने के लिए लगातार बहाना ढूंढ रही है।

नाग ने कहा, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है. राज्यपाल का विधि सलाहकार विधानसभा से बड़ा है क्या? उन्होंने कहा, परीक्षण का काम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का है ।

**भाजपा राज्यपाल को गुमराह करके हस्ताक्षर करने से मना करा रही-** कांति नाग ने कहा आदिवासी समाज के साथ अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । हमारी सरकार किसी भी कीमत पर आरक्षण का अधिकार देकर रहेगी । साथ ही साथ उन्होंने राज्यपाल को भाजपा के दबाव में आकर आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था, और उधर भाजपा राज्यपाल को गुमराह करके हस्ताक्षर करने से मना करा रही है, इसे छत्तीसगढ़ की जनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी । आदिवासी समाज ने सात समंदर पार अंग्रेजों को खदेड़ भगाया था, तो देसी अंग्रेजों को भी भगाने में टाइम नहीं लगेगा। साथ ही उन्होंने कहा की राज्यपाल स्वयं आदिवासी समाज से होकर भी आदिवासियो के हितों के विरोध में काम कर रही है।

## राज्यपाल के सवाल भाजपा के बयानों की तरह : कांति

वहीं नाग ने कहा, जैसा बयान भाजपा के नेता दे रहे हैं, वैसे ही प्रश्नों को राजभवन से सरकार को भेजा गया है, जो बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा, राज्यपाल को सारा अधिकार है वह हमारी संवैधानिक प्रमुख हैं । सदन में हमारे विधायकों ने सर्वानुमति से विधेयक पारित किया है। जैसा बयान डॉ. रमन या भाजपा नेता दे रहे हैं, उसी प्रकार के प्रश्नों को राजभवन सरकार को प्रेषित करता है, यह उचित नहीं। अगर विधेयक लौटाना है तो बिंदुओं के साथ लौटाना चाहिए। विधेयक पर पुनर्विचार कराना है तो विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए।

# हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा की गई चिन्हारी कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हल्बी आदिवासी समाज किरन्दुल द्वारा सोमवार को छत्तीसगढ के प्रथम क्रांतिकारी अमर शहीद शिरोमणी गेंद सिंह नायक जयंती एवं शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसके बाद शाम को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का आयोजन किया गया।जिसमें छत्तीसगढ़ी कलाकारों द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।मौके पर समिति के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेन्द्र, जगदेवराम,टेकराम ठाकुर, कल्याण सिंह,जीवन नायक, अशोक रावटे, ओम ठाकुर, कल्याण सिंह, जीवन नायक, दिलीप ठाकुर, हेमंत चौरसिया, अनिल रात्रे, ईश्वर ठाकुर, नागेश्वर नदाल, महेश नायक, अशोक रावटे, मोहन नायक एवं नगर के 04 हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में हल्बा समाज के बंधुओं, एनएमडीसी, नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

# छग शासन द्वारा सामान्य वर्ग के 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस में की गई कटौती को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामान्य वर्ग के ईडब्लूएस आर्थिक आधार पर दी जाने वाली 10 प्रतिशत आरक्षण को 4 प्रतिशत पारित किया गया। जिसका समान्य वर्ष समाज के द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया स 76 प्रतिशत आरक्षण को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। सामान्य वर्ग में सरकार के इस निर्णय को लेकर भारी आक्रोश है। इसी विषय को लेकर सामान्य वर्ग के भारी संख्या मे उपस्थित हुवे और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को छत्तिसगढ़ शासंत द्वारा लाए गए विधेयक के विरोध में ज्ञापन दिया गया। इस बैठक में चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि, आजादी के सात दशकों से सामान्य वर्ग कि अनदेखी की जा रही हैं। सामान्य वर्ग के बच्चें कड़ी मेहनत कर अच्छे परिणाम लाने के बावजूद भी पीछे हो रहे हैं, आख़िर सामान्य वर्ग की उपेक्षा कब तक होते रहेगी सरकार जिनके लिये जो करने हैं करे पर सामान्यवर्ग की हितों के बारे में भी सोचे। उपस्थित सदस्यों ने चर्चा में आगे कहा कि समान्यवर्ग के अधिकारों को लेकर जल्द चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जाएगी, सड़क से लेकर न्यायालय तक की लड़ाई लड़ी जायेगी। इस बैठक में सभी समाज के लोग उपस्थित हुए।

# शक्ति दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक नाग

- हलबा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटे समाज के लोग
- विधायक नाग ने भैसासुर और बड़ेतोपाल में नवनिर्मित सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



शहीद वीर गैंद सिंह के शहादत दिवस जो शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर हलबा समाज द्वारा जिले भर सहित अंतागढ़ के अलग अलग क्षेत्रों में कई भव्य कार्यक्रम आयोजित कर शक्ति दिवस मनाया गया । इसके साथ ही माता दंतेश्वरी व कंकालीन माता की पूजा अर्चना के बाद अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज ने 26 दिसम्बर दिन सोमवार को पहले युवा वर्ग के द्वारा बाइक रैली निकाली गई। कोलर, अंतागढ़, भैसासूर एवं पोडगांव में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग थे।

उन्होंने समाज के लोगो को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम उन्होंने शहीद गैंद सिंह के शहादत व उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा प्रति वर्ष यह शक्ति दिवस 26 दिसंबर को बड़े धूमधाम से बनाया जाता है। समाज द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का बोध होता है। उन्होंने कहा यह समाज आदिवासी वर्ग के स्वभाव से सरल अपने मे एक आदर्श होते है। जिसके चलते हल्बा आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाली समाज है ।

**शक्ति दिवस पर हलबा समाज को मिला विधायक नाग का उपहार-** इस दौरान शक्ति दिवस के अवसर को हलबा समाज को बड़ी सौगात देते हुए विधायक अनूप नाग ने भैसासुर में आयोजित कार्यक्रम में वहा नवनिर्मित हलबा समाज के सामुदायिक भवन एवं हाई मास्क लाइट का लोकार्पण किया और साथ ही उन्होंने पोडगांव में आयोजित कार्यक्रम से ग्राम पंचायत बड़ेतोपाल के आश्रित गांव देहारी तोपाल में नवनिर्मित हलबा समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर समाज को समर्पित किया। इस दौरान भारी संख्या में हल्बा समाज के लोग, सरपंच, उपसरपंच, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सीपीआई का मनाया गया 98 वां स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का 98 वां स्थापना दिवस जिले के तहसील फरसगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम हाथी पखना में जिले के कम्युनिस्टों की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर तिलक के द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के इतिहास से लेकर उसके सिद्धांतों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि, भाकपा देष के सर्वाधिक संख्या मजदूर व किसानों की पार्टी है, इस पार्टी की स्थापना आजादी के पूर्व उत्तर प्रदेश में होने के बाद से ही इस पार्टी के कामरेड न केवल आजादी की लड़ाई में ही बल्कि किसानों व मजदूरों की समस्याओं के लिए निरंतर लड़ते रहे हैं और आज भी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के द्वारा गरीबों की समस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष किया जा रहा हैं। इस दौरान कोण्डागांव जिला क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कामरेड को किसानों व मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु किए जा रहे जनसंघर्ष को और भी अधिक गति देते हुए संगठन को मजबूत करने की समझाईष दी गई। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित का शैलेश, जयप्रकाश, बिरज, दिनेश, बिसम्बर, नंदु आदि ने भी जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जनाधार को बढाने सहित जनसमस्याओं के समाधान और आमजनों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए किए गए जनसंघर्षो की जानकारी दिया गया। इसी तरह वरिष्ठ का.सरादु ने भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बारे विचार प्रकट करते हुए कहा कि, यही एक पार्टी है जो सही मायने में गरीब, दुखी किसान व मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संघर्ष करने में अग्रणी भूमिका निभाती है और समस्या के समाधान तक आमजनों का साथ देती है। स्थापना दिवस मनाए जाने पर अवसर पर भाकपा के अन्य सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे, कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया का 98वां स्थापना दिवस मनाए जाने के दौरान उपस्थित सभी कम्युनिश्ट द्वारा सर्वसम्मति से तय किया गया कि, सभी कम्युनिश्ट अपने-अपने घर के प्रांगण में पार्टी का हंसिया-हथौड़ा वाला लाल झण्डा अनिवार्य रुप से लगाएंगे और गरीब आमजनों के साथ हो रहे अन्याय व षोशण के खिलाफ और गरीबों की सभी तरह की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संर्घशत होंगे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का मनाया गया 98 वां स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अपनी अलग पहचान और छवि बनी हुई है प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है और इस वर्ष भी भाकपा का 98 वा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम नगर में स्थित मजदूर संघ के कार्यालय इंद्रजीत सिंह भवन में हजारों सदस्यों की उपस्थिति में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात आदिवासियों की पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ सभी साथी रैली की शक्ल में नगर के विभिन्न मोहल्ले से नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे जहां रैली का समापन करते हुए विशाल आम सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें लौह नगरी के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सभी सदस्य,ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के सदस्य,ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के सदस्य,महिला समिति के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे।जिसमें मुख्य रूप से संयुक्त खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष के साजी, आदिवासी महासभा के सुदरु राम कुंजाम, एटक के कार्यालय सचिव नरसिम्हा रेड्डी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कटारिया, राजेश सोनी, वेंकट, आयतु राम सोरी, गणेश राम, गणपत नायडू, कांता, आशा, प्रीतू दूधी एवं नगर के आसपास से ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांच जनवरी से होगी प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

जिले मे बने भव्य इनडोर स्टेडियम मे 5 जनवरी से 8 जनवरी तक मास्टर बैडमेंटन प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन से मन्यता प्राप्त जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान मे कराया जा रहा है।जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भाग ले रहे है।बता दे की यह पहला मौका होगा ज़ब दंतेवाड़ा जिले मे राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।संघ के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी व सचिव अमलेदु चक्रवर्ती ने बताया की इस प्रतियोगिता मे 150 के लगभग खिलाड़ी प्रदेश से भाग ले रहे है इस आयोजन से बाहर से आने वाले खिलाड़ियों मे दंतेवाड़ा आने को लेकर भारी उत्साह है और कहीं न कहीं हमारे दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों को इस तरह के आयोजन से भविष्य में बैडमिंटन खेल को लेकर आगे जाने का अवसर प्राप्त होगा प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है।जिला बैडमिंटन संघ के खिलाड़ी व सभी सदस्य इस आयोजन को लेकर काफ़ी परिश्रम करते नजर आ रहे है।

# प्रत्येक सोमवार को सभी अधिकारी अपने कार्यालय में रहेंगे उपस्थित : कलेक्टर वसन्त

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसन्त ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला में जिलाधिकारी और ब्लाक स्तर में ब्लाक स्तरीय अधिकारी आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार को अपने मुख्यालय कार्यालय में स्वयं उपस्थित रहकर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि उक्त दिवस को अनिवार्य परिस्थितियों में ही दौरा कार्यक्रम रखा जाये।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनशिकायत के लंबित आवेदनों की जानकारी ली तथा उनका निर्धारित समय सीमा में तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति, नरवा के कार्य, जल जीवन मिशन, जाति प्रमाण पत्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य, मनरेगा, लोक सेवा गारंटी, राजीव युवा मितान क्लब, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, धन्वन्तरी योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादों के विक्रय की स्थिति सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवेश कुमार ध्रुव, वनमण्डलाधिकारी नारायणपुर, एसडीएम जितेन्द्र कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैद्य, रामसिंग सोरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कुंवर, उप संचालक कृषि बीएस बघेल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रविकांत ध्रुर्वे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन अजय चौधरी के अलावा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर वसन्त ने जिले के हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल के पढाई में कमजोर बच्चो के लिए रेमेडियल क्लासेस लगाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का चयन कर उनके लिए रेमेडियल क्लासेस की व्यवस्था की जाए। ताकि रिजल्ट में सुधार हो सके। कलेक्टर ने जिले के सभी हायर सेकंडरी स्कूल के टॉप पांच बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग के एंट्रेन्स एग्जाम की तैयारी हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 24 लाख रूपए की सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 6 वारिसों को 24 लाख रूपए की अर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी हैं। जिसके तहत बड़ेराजपुर तहसील अंतर्गत कुरूंभाट निवासी बुलोन पति स्व. लुकूराम, गम्हरी के लछ्मोतिन मरकाम पति स्व. सोनऊराम मरकाम व बाड़ागांव निवासी कौशिल्या पति स्व. रामसिंह सहित तहसील कोण्डागांव के बांसगांव निवासी जयमो नेताम पति स्व. सोनारूराम नेताम और काकड़ाबेड़ा निवासी कारी नेताम पति स्व. देवो नेताम और फरसगांव तहसील अंतर्गत सुखराम शोरी पिता स्व. आयतू राम शोरी प्रत्येक को 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी हैं।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइज़ेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060114186520, खेलनराम ( ऋणी ), श्रीमती कृष्णा बाई सिन्हा ( सहऋणी ), केवल राम सिन्हा ( गारंटर ) | 23-नवम्बर-22 ₹ 2,73,161/- दो लाख तिहत्तर हजार एक सौ इकसठ रूपये मात्र 23-नवम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 10 1002, बोधदीह, धमतरी, खुर्द, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 130.04 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060716899649, प्रेमलाल ( ऋणी ), श्रीमतीसरोज बाई देवांगन ( सहऋणी ) | 07-दिसम्बर-22 ₹ 11,57,055/- ग्यारह लाख सत्तावन हजार पचपन रूपये मात्र 6-दिसम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित विकास प्राधिकरण ( रिहायशी/व्यावसायिक ), पीएच नं. 25 1212 दोंदीलोहारा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 121.81 वर्गगज |

**दिनांक: 27-12-2022**
**स्थान: छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**

# कर्मचारी प्रकोष्ठ, मरार पटेल महासंघ ने किया प्रतिभाओं का सम्मान
# दृढ़ संकल्प व और कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : कौशल

### 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा दस दस हजार नगद राशि

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com




कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वाधान में 25 दिसंबर को रायपुर के रविन्द्र मंच, काली बाड़ी में जागेश्वर कौशल और गौतमचंद पाटिल के मुख्य आतिथ्य तथा महासंघ अध्यक्ष देवचरण पटेल के अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भर के 450 से अधिक कक्षा दसवीं-बारहवीं सहित विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक जनों समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से जागेश्वर कौशल और गौतमचंद पाटिल ने कहा दृढ़ संकल्प व और कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है। प्रयास हर कोई करते हैं पर कोई सफल होते हैं, कोई असफल। इसके लिए युवाओं को निराश नहीं होना चाहिए। ईश्वर ने हर व्यक्ति में कुछ न कुछ विशेष गुण दिए हैं। इसलिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता जरूर मिलती है। इस अवसर पर शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा समाज की प्रतिभाओं को चिन्हित व संकलित कर प्रदेश स्तर पर आयोजन की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इस शिक्षा सत्र में कक्षा दसवीं बारहवीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को दस दस हजार रुपए नगद राशि से सम्मानित करने की घोषणा किए।

अध्यक्षता की आसंदी से महासंघ अध्यक्ष देवचरण पटेल ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कर्मचारी प्रकोष्ठ की यह पहल अन्य समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। वहीं सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभा को राजेंद्र नायक पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महासंघ ने संबोधित करते हुए कर्मचारी प्रकोष्ठ की पहल की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते कहा यह आयोजन ऐतिहासिक है। वहीं प्रेमलाल पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महासंघ आत्मनारायण पटेल कार्यकारी अध्यक्ष महासंघ,राजेंद्र कुमार पटेल संयुक्त संचालक वित्त, टिकेश्वरी पटेल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महासंघ, कविता पटेल नायब तहसीलदार, संध्या मालिकार प्रिंसिपल साइंटिस्ट, डाक्टर चंद्रकांत पटेल एडिशनल चीफमेडिकल डायरेक्टर इंडियन रेलवे मुंबई ने भी संबोधित कर प्रतिभाओं को प्रोत्साहन व आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिए। वहीं कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष लिलार सिंह पटेल ने बताया प्रतिभा सम्मान आयोजित करने का उद्देश्य समाज के प्रतिभाओं को आगे लाना है जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिल सके। इसके लिए समाज का वेबसाइट विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से सतत कैरियर गाइडेंस व मार्गदर्शन दिया जाएगा।

उन्होंने समाज के कर्मचारी साथियों को समाजहित में बढ़-चढ़कर आगे आने की अपील किए हैं। कार्यक्रम आयोजन संयोजन व सफल बनाने में कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष लिलार सिंह पटेल, संयोजक पतिराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पटेल, धर्मेन्द्र पाटिल, कोषाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, संरक्षक बरत राम पटेल, उपाध्यक्ष केशव पटेल, पीताम्बर पटेल, दीपक पटेल, डेहर पटेल, खुमानचंद पटेल, रामकुमार पटेल, मुरारीलाल लाल पटेल, प्रदुमन पटेल, बेदराम पटेल, जगदीश पटेल, शिव कुमार पटेल, राजेश पटेल, कोमल पटेल, धनेश्वर पटेल, धनेश्वर पटेल, कोमल पटेल, कोशलेन्द्र पटेल, भनत राम, सूर्यकांत पटेल, महेन्द्र पटेल,राजू पटेल, तारा पटेल, उर्वशी पटेल सहित प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन मिडिया प्रभारी महेन्द्र पटेल, धनेश्वर पटेल, कोमल पटेल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राज तहसील, जिला, प्रदेश की पदाधिकारियों व समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा
# कोविड से लड़ने तैयार है प्रशासन





पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण की किसी स्थिति से निपटने हेतु केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश जिला कलेक्टर रजत बंसल की निगरानी में बलौदाबाजार जिले में भी तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम ने आज भ्रमण कर इस बाबत तैयारियों का परीक्षण किया गया। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की शासन से प्राप्त निर्देश के अनुरूप आज जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल और मंडी कोविड अस्पताल सहित समस्त सी एच सी और पीएचसी में मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत विविध प्रकार के जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों को शुरू कर उनकी क्रियाशीलता जाँची गई एवं दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिले में 5 ऑक्सीजन प्लांट हैं जिसमें जिला अस्पताल में दो क्रमशः एक हज़ार और दो सौ एल पी एम के हैं। जबकि मंडी कोविड अस्पताल में 5 सौ एलपीएम का प्लांट स्थापित है। इसी प्रकार कसडोल में 166 और भाटापारा में 500 एलपीएम का प्लांट है जो सभी चालू हैं। ऐसे ही जिला अस्पताल और मंडी कोविड अस्पताल सहित सभी सी एच सी में वेंटिलेटर उपलब्ध हैं जिले में कुल 43 वेंटीलेटर हैं। जबकि ऑक्सीजन बेड जिला अस्पताल में 93,मंडी में 120 एवं सभी सी एच सी में 20-20 बेड हैं। आईसीयू बेड मंडी कोविड अस्पताल के में 19 और जिला अस्पताल में 8 जबकि एचडीयू बेड मंडी कोविड अस्पताल और जिला अस्पताल में 25-25 हैं। जिले में वायरोलॉजी लैब सक्रिय है जहाँ आर टी पी सी आर की जाँच उपलब्ध है इसके साथ ही एंटीजन भी किया जाता है। दवाइयों का भंडार भी पर्याप्त और सभी आवश्यक दवाइयों से युक्त है। सीएमएचओ ने कहा कि कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरी है तथा हर तरह से निगरानी बरती जा रही है। इस बाबत लोगों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल जैसे मास्क,सोशल डिस्टेंसिंग,सैनिटाइजर का भी प्रयोग किया जाना आवश्यक है। मॉक ड्रिल में सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर, जिला सर्वलेन्स अधिकारी डॉ. अभिजीत बनर्जी, कोविड इंचार्ज डॉ कल्याण कुरुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी और बायो मेडिकल इंजीनियर दीपक चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

### नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल तक मिलेगी प्रशिक्षणार्थियों को बस सुविधा

# नर्सिंग कॉलेज की कक्षाएं अब डीपीआरसी भवन में लगेंगी

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर व कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर की पहल के बाद शासकीय नर्सिंग कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों की समस्याओं का निराकरण कर दिया गया। प्रशिक्षार्थियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही डीपीआरसी का भवन मुहैया कराया जाएगा। वहीं नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल तक आने-जाने के लिए बस की सुविधा मुहैया कराने सहमति बनी। बाद इसके प्रशिक्षणार्थियों का आंदोलन समाप्त हो गया। गौरतलब है कि बीते दिनों से प्रशिक्षार्थी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। यह मामला संज्ञान में आने के बाद मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर तथा कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर नर्सिंग कॉलेज पहुंचे और प्रशिक्षार्थियों से चर्चा की। प्रशिक्षणार्थियों ने नर्सिंग कॉलेज में कक्षाएं संचालित करने के लिए सुविधायुक्त भवन, बस व मूलभूत सुविधाओं की अपनी मांग बताई। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर और कलेक्टर क्षीरसागर ने यहां के डीपीआरसी के भवन में कक्षाएं लगाने की सहमति दी।

वहीं नर्सिंग कॉलेज से जिला हॉस्पिटल आने-जाने के लिए एक बस की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का भी आश्वासन दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, एसडीएम उमेश साहू, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता चंद्राकर, आरईएस के एसडीओ सहित नर्सिंग कॉलेज के स्टाफमौजूद रहे।

# 2 से 8 जनवरी को ग्राम कोकड़ी में होने वाले शिव कथा महापुराण की तैयारी अंतिम चरण पर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा 2 से 8 जनवरी को ग्राम कोकड़ी में होने वाले शिव कथा महापुराण की तैयारी अंतिम चरण पर है कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता हेतु सारी व्यवस्था को मूर्त रूप दिया जा रहा है। ग्राम कोकड़ी निवासी रामु जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित शिव कथा महापुराण की सफलता हेतु आयोजक सहित बलौदाबाजार एवं अंचलवासी स्वस्फूर्त अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आयोजक समिति के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की कार्यक्रम हेतु लगभग 22 एकड़ प्रांगण का निर्माण कराया गया है जिसमें मुख्य डोम 84म400 ,दो डोम 84म200 का निर्माण कराया गया है डोम के पिछले हिस्से पूरा पंडाल निर्माण किया गया है, जिसमे डेढ़ लाख श्रद्धालु एक साथ बैठकर कथा श्रवण कर सकेंगे। कार्यक्रम स्थल के आखिरी हिस्से पर पर्याप्त शौचालय, स्नानघर का निर्माण कराया गया। कार्यक्रम स्थल के पास ही विशाल भोजन स्थल की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश हेतु 4 मुख्य प्रवेश द्वार बनाया गया इसके अतिरिक्त 2 प्रवेश द्वार को आरक्षित रखा गया है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने हेतु एक दर्जन पार्किंग स्थल का निर्माण बलौदाबाजार रोड, भाटापारा रोड ,सिमगा रोड ,रायपुर रोड पर कराया जा रहा है ।कथा स्थल पर बैठने की उत्तम व्यवस्था के साथ ही 50 बड़ी एलईडी टी वी लगाया जा रहा है वही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की रुकने की व्यवस्था हेतु प्रशासन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा नगर स्थित सामाजिक भवनों को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त आयोजन के संचालन हेतु 1200 कार्यकर्ताओ की सूची तैयार कर जिम्मेदारी सौपी जा रही है। व्यवस्था की समीक्षा हेतु सोमवार को कार्यक्रम स्थल में आयोजक समिति द्वारा बैठक आयोजित कर व्यवस्था सबंधी मंत्रणा एवं समीक्षा की गई जिसमें नगर सहित अंचल के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# अवैध मुरूम उत्खनन में लगे दो हाईवा सहित एक जेसीबी मशीन पर कार्यवाही



पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

खनिज की अवैध उत्खनन के मामले पर रायपुर जिला के कलेक्टर डाक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने शख्ति बरतते हुए संबंधित अधिकारियों को रेत,गिट्टी , मुरूम की अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों पर एफआई आर दर्ज करने को निर्देशित किया था। इसके बावजूद तिल्दा -नेवरा क्षेत्र में अवैध मुरूम का उत्खनन काफी लंबे समय से जारी था, मुरूम खनन में लिप्त माफिया, रात के अंधेरे में अवैध मुरूम उत्खनन को अंजाम देते थे ,इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के द्वारा समाचार के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया, इससे तहसील प्रशासन मुस्तैदी के साथ हरकत में आकर 24 घंटे के अंदर तिल्दा -नेवरा शहर से सटे ग्राम कोहका मे, मध्य रात्रि में दबिश देकर ,मुरूम उत्खनन व परिवहन में लगे दो हाइवा वाहन व एक जेसीबी मशीन पर कार्यवाही करते हुए जब्तीनामा बनाया है। बीते मध्य रात्रि को तहसीलदार ज्योती मटियारे के, टीम के मुरूम खनन क्षेत्र में दबिश देते ही, वाहनों के चालक वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए, वही तहसील प्रशासन ने मौके पर से मुरूम अवैध उत्खनन व परिवहन में लिप्त हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 5237, व सीजी 04 एमएम 9929 एवं जेसीबी मशीन वाहन क्रमांक सीजी 04 डब्ल्यूएच 9929 पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया है।

# इंडिया टुडे के सर्वे में 20 राज्यों में छत्तीसगढ़ 16वें स्थान पर कांग्रेस की भूपेश सरकार का यही सर्टिफिकेट है: भाजपा

### कांग्रेस के शासन में हर क्षेत्र में पिछड़ गया छत्तीसगढ़ ,आगे बढ़ने की जगह रिवर्स गियर पर चल रहा प्रदेश : धरम लाल कौशिक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि पिछले लगभग 20 सालों से अलग-अलग क्षेत्रों में राज्यों की परफॉर्मेंस के फेक्टुअल आंकड़े लेकर इंडिया टुडे सर्वे करता आया है जिसमें 50 लाख से ज्यादा आबादी के राज्यों को बड़े राज्य एवं 50 लाख से कम की आबादी के राज्यों को छोटे राज्यों की कैटेगरी में रखा गया है सर्वे में कुल 12 क्षेत्रों में 125 से ज्यादा बिंदुओं पर फेक्टुअल आंकड़ों के माध्यम से रिपोर्ट तैयार की गई है इस सर्वे में किसी भी प्रकार का ऐसा आंकड़ा नहीं लिया गया है जो सत्य नहीं है या किसी विचार पर या मान्यता पर आधारित है इस वर्ष के सर्वे के नतीजों में कुल 20 बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ 16वें स्थान पर है छत्तीसगढ़ की बदहाली का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है? जिस कांग्रेस सरकार का दावा यह रहता है कि विश्व में अगर कोई सबसे अच्छी सरकार चल रही है तो वह भूपेश सरकार है जबकि वह अपने ही देश में लगभग राज्यों से पिछड़ गई है फिसड्डी साबित हुई है। कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ को कुल 2080 अंकों में मात्र 899.7 अंक ही मिले है जो कि 43 प्रतिशत होता है वे यानी अपनी भाषा में कहे तो यह सरकार लोवेस्ट सेकंड डिवीजन में चल रही है। छत्तीसगढ़ 20 राज्यों में इकोनॉमी के मामले में 17वें ,इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में 18वें ,हेल्थ के मामले में 15वें गवर्नेंस के मामले में 7वें, शिक्षा मामले में 9वें ,कानून व्यवस्था में 11वें इंक्लूसिव डेवलपमेंट मे 10वें एंटरप्रेन्योरशिप में 16वें टूरिज्म में 19वें और एग्रीकल्चर में 19वें स्थान पर है। जिन् राज्यों ने पहले से बेहतर परफॉर्मेंस किया है उनकी गणना में भी छत्तीसगढ़ 20 राज्यों में 15वें स्थान पर है। कौशिक ने कहा कि इस सर्वे रिपोर्ट से हमें कोई प्रसन्नता नहीं बल्कि प्रदेश के लिए, प्रदेश के वासियों के लिए चिंता हो रही है कि कांग्रेस शासन के इन 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ जो विकास की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा था उसकी ना सिर्फ गति रुकी है बल्कि प्रदेश रिवर्स गियर में पीछे चला गया है हालात भयावह हो रहे हैं और यह कांग्रेस की सरकार झूठी वाहवाही लूटने के लिए छत्तीसगढ़ के खजाने को खाली कर रही है अब यह हम नहीं बल्कि यह प्रतिष्ठित रिपोर्ट्स भी कह रही हैं कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के हित के लिए ,छत्तीसगढ़ की जनता के हित के लिए कांग्रेस सरकार जितनी जल्दी यहां से चली जाए उतना प्रदेश और प्रदेश की जनता का भला होगा।


### आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार। प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 23 दिसम्बर 2022 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में अजय चेलक पिता मोहन चेलक, निवासी ग्राम मोपर, तहसील भाटापारा, पांचोबाई पति स्व. गंगाराम ध्रुव, निवासी ग्राम मधुबन, तहसील भाटापारा, गोप कुमार पिता भागवत दयाल पटेल ,निवासी ग्राम बरेली, तहसील टुण्डरा, भूखेन वर्मा पिता सुरेश वर्मा, निवासी ग्राम अहिल्दा, तहसील लवन एवं कौशिल्या सोनवानी पति स्व. संतोष सोनवानी, निवासी ग्राम खंडुवा, तहसील सिमगा शामिल हैं।

# नक्शा, खसरा, बी-वन मिलना अब हुआ आसान लोक सेवा गारंटी योजना से खुश है किसान

### महासमुंद जिले में चार साल में 7 लाख 23 हजार से ज्यादा प्रकरण निराकृत

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार शासन-प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली के कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम का लाभ सहजता से जनसामान्य को मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप सभी शासकीय कार्यालयों में लोकसेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध होने से शासन-प्रशासन के प्रति जन विश्वास लगातार बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित नियत समय के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य में लोक सेवा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। अकेले महासमुंद जिले में ही विगत चार वर्षों में 7 लाख 23 हजार 55 प्रकरण निराकृत हुए हैं। महासमुंद जिले में अब तक विभिन्न विभागों से लगभग 75 विषयों से संबंधित कुल 8 लाख 17 हजार 315 आवेदन मिले थे। जिसमें से 7 लाख 23 हजार 55 आवेदन समय सीमा में निराकृत किए गए। इसमें से कुछ वापस हुए और कुछ दस्तावेजों की कमी के कारण निरस्त हुए। जानकारी के अनुसार इनमें से सबसे ज्यादा आय प्रमाण पत्र के 3,14,447 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के 1,31,866 आवेदन, अन्य पिछड़ वर्ग प्रमाण पत्र के 67231 आवेदन निराकृत किए गए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के 48,375 इसी प्रकार भुइयां से नकल (भूमि दस्तावेज आदि) हेतु 30,671 एवं जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र के 13,630 निराकृत किए गए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की धारणा को ध्यान में रख कर नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट की परिकल्पना कर उसे राज्य में लागू किया गया है। यह जिला प्रशासन की आंतरिक प्रक्रियाओं के स्वचालन के रूप में की गई है जो जिलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जिला प्रशासन के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली बनाने में मदद कर रही है।

कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र, ऑनलाइन और इंटरनेट के माध्यम से कुशल व्यक्तिगत विभाग सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना को राज्य में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है।

### गौठानों में शत प्रतिशत हो गोबर की खरीदी-जिला पंचायत सीईओ

# फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

### सीईओ ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा के तहत विभागीय कार्यों की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में कहा कि जिले की सभी गोठानों में गोबर की खरीदी शत प्रतिशत होनी चाहिए। हमारे जिले के लोगों को भी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना का फ ायदा जरूर मिलना चाहिए। खासकर किसी भी गरीब का काम ना रुके उस का विशेष ध्यान रखे। सीईओ वर्मा ने राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनमें और अधिक बेहतर परिणाम के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित आवेदनों पर कार्य करने के निर्देश दिए। सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी ऐसे कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए समय सीमा के भीतर आवेदनों निराकारण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, पौनी पसारी, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानो को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में आवेदकों निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने विशेषकर धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की है। श्री वर्मा ने कहा की धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई भी समस्या नही होनी चाहिए। इस बात का विशेष ख्याल रखें। जहाँ उठाव में दिक्कत हो रही है वहां पर नियमित रूप से उठाव करनें के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। गाँव मे पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान अवश्य चलाएं एवं पैरादान के महत्व एवं उपयोगिता को ग्रामीणो को अवश्य समझाए। इसके लिए सभी एसडीएम एवं सीईओ अपने-अपने स्तर में बैठक कर क्रियान्वयन के संबंध में योजना बना कर नियमित रूप से पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रेषित करें।

# अनिल मेश्राम राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राज्य कार्यकारिणी से हटाए गए, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कोई स्थान नहीं मिला

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

बी.एस. जागृत प्रदेशध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छ.ग. रायपुर ने अनिल मेश्राम निवासी कोषानाला भिलाई के संबंध में विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि अनिल मेश्राम द बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया रजिस्टर्ड क्र. 3227/55 पीटी नंबर एफ 982 संस्था का अनिल मेश्राम अपने को बार-बार राष्ट्रीय सदस्य बताकर छ.ग. समाचार पत्रों में असत्य और झूठी जानकारी देकर अपने को राष्ट्रीय सदस्य स्थापित करता है। संस्था की सही -सही जानकारी जिसमें आयु. एस.आर. काण्डे ट्रस्टी द बुद्धिस्ट सोसायदी ऑफइण्डिया के द्वारा सही - सही जानकारी दी गई कि बोर्ड ऑफ ट्रस्टीस की 5 अक्टूबर 2022 को नागपुर महाराष्ट्र में संपन्न बैठक आयुष्मान हरीश रावलिया ट्रस्टी चेयरमैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें आयुष्मान चंद्र बोधी पाटिल ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, आयुष्मान भीमराव यशवंतराव आंबेडकर कार्यकारी अध्यक्ष, शंकरराव ढेगरे राष्ट्रीय महासचिव, धम्मरतन सोमकुवंर ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, आयुष्मान एस आर कानडे बौद्ध राष्ट्रीय ट्रस्टी, कैप्टन प्रवीण निखाडे राष्ट्रीय ट्रस्टी, आयुष्मान एस डी भास्कर राष्ट्रीय ट्रस्टी उपस्थित रहे। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र बोधी पाटिल ने बताया भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पूर्व सूची प्राप्त हुई थी उसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से अनिल मेश्राम का नाम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नहीं लिया गया था। अंबेडकर भवन दादर वेस्ट मुंबई में 28 अगस्त 2022 को चर्चा में भीमराव अंबेडकर चंद्र बोधी, पाटिल, डॉक्टर हरीश रावलिया, भीमराव काम्बले, कैप्टन प्रवीण निखाडे तथा एस के भंडारे चर्चा में उपस्थित थे। उस दौरान भीमराव यशवंतराव अंबेडकर ने भी अनिल मेश्राम का नाम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रखने के लिए असहमति दर्शाई थी और उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य सिस्टम से होना चाहिए। पत्र क्रमांक बीएसआई सीसी मुंबई. 765/2022 के 15.09.2022 के अनुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की गई जिसमें अनिल मेश्राम का नाम दर्शाया गया था। 5 अक्टूबर 2022 बोर्ड ऑफ ट्रस्टीयों की बैठक नागपुर में रखी गई थी जिसमें सर्वसम्मति से अंतिम निर्णय लेते हुए अनिल मेश्राम का नाम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा एलके धवन संस्कार विभाग इन दोनों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद से हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सीएम की घोषणा के कार्यों को पूरा करने के दिए निर्देश

## सभी राजस्व अधिकारियों को मिसल व अधिकार अभिलेख की पूर्ण जांच के बाद ही नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने एवं लंबित प्रकरणों के यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर, समस्त एसडीएम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्रों का सतत दौरा कर स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण कर संस्थानों का बेहतर संचालन कराने के लिए कहा। साथ ही सभी पंचायतों में ग्रामीण सचिवालय को पुनः सक्रिय करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, जैसे अन्य स्थानीय स्तर की समस्याओं का सचिवालय के माध्यम से निराकरण किया जा सके। इस हेतु उन्होंने सचिवालय के आयोजन के लिए निश्चित दिन निर्धारित करने, पंचायतों में प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। साथ ही सभी सचिवालयों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने एवं अधिकारियों द्वारा सचिवालय का सतत मॉनिटरिंग करने की बात कही। कलेक्टर ने विवादित-अविवादित राजस्व प्रकरण, नजूल भूमि का आबंटन, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, वन अधिकार पट्टा, लोक सेवा गारंटी, नक्शा अद्यतन कार्य, भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने कोर्ट में नियमित प्रकरणों की सुनवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय-सीमा से बाहर न हो सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी प्रकरणों का ऑनलाईन एंट्री भी सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर मित्तल ने सभी राजस्व अधिकारियों को मिसल व अधिकार अभिलेख की पूर्ण जांच के बाद ही नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, नजूल शासकीय भूमि का आबंटन के आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की बात कही। इस हेतु नगरीय निकायों में शिविर आयोजित करने एवं लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कहा। साथ ही आवेदकों को बैंक से लोन उपलब्ध कराने की बात कही।



इस दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बटांकन, भूमि अधिग्रहण, जाति प्रमाण पत्र, जनचौपाल, सीएम जनचौपाल, आरबीसी 6-4 के तहत दी जाने वाली राहत राशि, मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत समाज प्रमुखों को सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जिला अस्पताल में मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा के कोविड ट्रीटमेंट सेंटर में कोविड-19 संक्रमण के किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने और तैयारियों की जांच करने के लिए 'मॉक ड्रिल' आयोजित की गई। इस दौरान जिला चिकित्सालय के कोविड ट्रीटमेंट सेंटर में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने चीन-जापान में फैल रहे कोरोना के दुष्प्रभाव को देखते हुए जिला अस्पताल अंतर्गत कोविड सेंटर में आईसीयू, ऑक्सीजन प्लांट, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर, आइसोलेशन वार्ड सहित आवश्यक सुविधाओं की क्रियाशीलता का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोविड जांच और ईलाज के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों को दुरुस्त रखने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने कंट्रोल रूम, आईसीयू, ऑक्सीजन वार्ड एवं ऑक्सीजन प्लांट का बारिकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता, वेंटिलेटर की व्यवस्था को पर्याप्त रखते हुए साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आर.टी.पी.सी.आर. द्वारा प्रतिदिन जांच किये जाने की क्षमता की भी जानकारी ली। जिला अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इस अवसर पर कोविड केयर सेंटर में उपलब्ध ऑक्सीजनेटेड बेड, आइसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर, वेन्टीलेटर, जिले में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की अद्यतन स्थिति, स्टॉफकी उपलब्धता, जिले में अब तक लगाए गए बूस्टर डोज और टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी देते हुए मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.पी. सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, जिला चिकित्सालय जांजगीर के चिकित्सा विशेषज्ञ, अन्य चिकित्सक एवं स्टाफउपस्थित थे।

# जेल निरीक्षण समिति द्वारा किया गया जेलों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए 26 दिसम्बर को जिला जेल खोखरा एवं उपजेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिए गए, 01 बच्चों की उम्र विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर के रूप में संदेहास्पद पाया गया जिसका उम्र सत्यापन कराया जाना है। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नही है। वह स्वयं व उसकी संरक्षण की आवश्यकता की आवश्यकता होने पर कार्यवाही किया जावेगा। जेल के कर्मचारियों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात् किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य, अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, गजेन्द्र जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ज्योति मिश्रा संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख), सम्मेसिंह कंवर विधिक सह परीविक्षा अधिकारी , दीपक बरेठ अधिवक्ता, हर्षवर्धन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता तथा जेल अधीक्षक जे.एल. मेशराम एवं सतीश चन्द्र भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।




# वीर बाल दिवस हमें सिख्ख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता हैः शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने कहा कि वीर बाल दिवस' हमें सिख्ख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। विधायक शर्मा ने कहा कि जब भी भारत पर दुश्मनों की नजर पड़ी, पंजाब दीवार बन कर खड़ा रहा। भाटापारा गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह दिन सिख्ख गुरुओं के बलिदान को याद करने नमन करने का अवसर है। उन्होंने गुरुगोविंद सिंह के चारों पुत्रों के नाम लेते हुए कहा कि चार-चार पुत्र भारत की और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान दिए। जब गुरुगोविंद से पूछा कि आपके चार पुत्र शहीद हुए। उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। विधायक शर्मा ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि भारत के स्वर्णकालीन इतिहास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पुस्तक में सचित्र उपलब्ध कराने का कार्य शुरू हो गया है। अगर ऐसा नहीं होगा तो लोग भूल जाएंगे कि बाबा अजित सिंह, बाबा फ्तेह सिंह, जोरावर सिंह कौन थे। उनकी उम्र क्या थी? मां गुजरी के सानिध्य में जो संस्कार मिले उसी का परिणाम है कि वे अधर्म के सामने नहीं झुके। धर्म और देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहूति दी।



शिवरतन शर्मा ने गुरुद्वारा कमेटी भाटापारा के लोगों को उक्त कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल, मनिंदर सिंह गुम्बर, बलवंत सलूजा, अमरजीत सलूजा एवं समाज के प्रमुखजन व सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वीद युवा संस्था के युवाओं ने सन्ना क्षेत्र जाकर गरीबों को बांटे गर्म कंबल

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में काम कर रही निजी संस्था वी द युवा के कार्यकर्ताओं ने जिले के पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य इलाका सन्ना में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के जरूरतमंदों के बीच जाकर मंगलवार को गर्म कंबल बांटे। संस्था के साथी रोनित सोनी ने बताया के संस्था के सहयोगी साथियों के साथ सन्ना जाकर लोगों को कंबल बांटे और ठंड से सुरक्षित रहने की हिदायत दी गई। रोनित सोनी ने बताया कि वी द युवा संस्था के द्वारा हर साल कंबल जरूरतमंदों को वितरण किया जाता है।



### कोटपा एक्ट के तहत 11 दुकानों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों में धुम्रपान करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवागंन एवं रत्नेश कुमार बरगाह और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पथरिया क्षेत्र के 26 पान मसाले की दुकानों की जांच की गई।

# भाटापारा नपा में भाजपा पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बहुमत के साथ पारित होगाः भाजपा पार्षद दल

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा नगर पालिका में भाजपा पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बहुमत के साथ पारित होगा।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि अध्यक्षा की कार्य प्रणाली से आमजनता त्रस्त हो चुकी है, शासन के पैसों का लगातार दुरुपयोग हो रहा है, अध्यक्षा के पास शहर के लिए कोई कार्य योजना नही है। भाजपा शासन में 16 करोड़ रुपये की राशि पाइप लाइन विस्तार के लिए दी गई थी लेकिन आज तक अध्यक्षा ने काम पूरा नही किया जिसके कारण आम जनता पानी के लिए तरस रही है। इसी तरह भाजपा शासन में इनडोर व आउटडोर स्टेडियम की स्वीकृति की गई थी जिसकी राशि नगरपालिका में है पालिका की निष्क्रियता के कारण आज तक कार्य शुरू नही हो पाया केवल विकास राशि का ब्याज खाने का काम पालिका प्रशासन कर रहा है। पूरा भाटापारा शहर कचरे के ढेर से परेशान हो गया है नगरपालिका में कब्जा करने वाले कांग्रेस पार्टी के किंगमेकरो से प्रश्न है कि जनता की बदहाली की वास्तविक जवाबदारी कौन लेगा? पिछले 3 सालों में पालिका ने एक भी उल्लेखनीय कार्य नही किया घर घर कचरा वाली मिशन क्लीन सिटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। नगर पालिका अध्यक्षा ने अपनी ही पार्टी के पार्षदों के विश्वास पूरी तरह खो दिया है आम जनता का निराश्रित पेंशन सालों से लंबित है शासन ने महत्वकांक्षी योजना श्रद्धांजलि योजना के लिए तत्काल सहायता प्रदान की जाती है सालों से आवेदन फाइलों में दबा पड़ा है खराब सफाई, अधूरा पाइप लाइन, जनता के टैक्स की बंदरबाट, रिकॉर्ड कमीशन खोरी जैसे मुद्दे पालिका अध्यक्षा को हटाने के लिए पर्याप्त है। 3 वर्ष पूर्व शपथ कार्यक्रम में मंत्री द्वारा घोषित 5 करोड़ की विकास राशि का काम आज तक शुरू नही हो पाया है अध्यक्षा के कार्यकाल की सबसे गंभीर बात है कि आम जन और पार्षद तो दूर कांग्रेस नेताओं को अब तक के कार्यकाल में सम्मान नही दिया। ऐसी निष्क्रिय अध्यक्षा को पद में बने रहने का कोई अधिकार नही है बहुमत के साथ यह अविश्वास प्रस्ताव पास होगा।

# जशपुर जिला गोबर खरीदी में प्रदेश और वर्मी कम्पोस्ट खाद विक्रय करने में राज्य में सबसे आगे

- प्रदेश स्तर की गोधन न्याय योजना की मासिक समीक्षा बैठक में जशपुर जिले को मिली शाबाशी

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश स्तर की गोधन न्याय योजना की मासिक समीक्षा बैठक में जशपुर जिले को मिली शाबाशी जशपुर जिला गोबर खरीदी में प्रदेश में सबसे आगे हैं उल्लेखनीय है की कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के दिशा-निर्देश में छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के 444 गौठान में शत प्रतिशत गोबर खरीदी की जा रही है। 420 गौठान में 15 दिन के अंतर 30 क्विंटल से ज्यादा गोबर खरीदी की गई है साथ गोठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता वाले 90 प्रतिशत बना हुआ खाद को सोसायटी के माध्यम से विक्रय किया जा चुका है। जो राज्य में सबसे ज्यादा प्रतिशत है। 390 से ज्यादा गौठान में पैरादान हो चुका है इसके साथ ही गौठान में केंचुआ नर्सरी बनाया गया है। जहां केंचुआ तैयार करके दूसरे गौठान को खाद बनाने के लिए केंचुआ उपलब्ध कराया जा रहा है। गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए प्रत्येक सप्ताह-साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा की जाती है साथ जिले 100 कमजोर गौठान का चिन्हांकन किया गया और विशेष ध्यान देकर अब कमजोर गौठान में विभिन्न आजीविका गतिविधियां दिखने लगी है। जिला प्रशासन द्वारा गौठान को स्वावलंबी बनाने और स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुर्गी पालन बकरी पालन, बांस से टोकरी बनाने आचार बनाने मशरूम उत्पादन, दोना पत्तल निर्माण, बाड़ी विकास और विभिन्न आजीविका गतिविधियां से जोड़ा गया है साथ ही फूड लैब के माध्यम से गौठान में तैयार उत्पाद को अच्छे से पैकिंग करके सी मार्ट के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है। सी मार्ट का संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है।



# मोटर सायकल चोर गिरोह को पकड़ने में मिली सफलता थाना जांजगीर एवं विशेष पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

मोटर सायकल चोर गिरोह को पकड़ने में मिली सफलता थाना जांजगीर एवं विशेष पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही की गई। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरों द्वारा मोटर सायकल चोरी की घटना को लगातार अंजाम दिया जा रहा है जिसकी धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस को मुखबीर से मोटर सायकल चोर, खरीददार एवं मोटर सायकल के नंबरों में हेरफेर करने वाले गिरोहों के बारे में सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुये विशेष पुलिस टीम एवं जांजगीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 09 मोटर सायकल बरामद किया गया जिसमें 01 बुलेट, 02 हीरो स्पलेण्डर एवं 06 नग सीडी डिलक्स मोटर सायकल है । शातिर चोर गिरिश पटेल निवासी बिरगहनी एवं उसका साथी सत्यप्रकाश साहू अलग अलग स्थानों से मोटर सायकल चोरी कर मुख्य सरगना आटो सेंटर संचालक किशन यादव निवासी बिरगहनी के पास लाकर बेचने हेतु देते थे जिसे किशन यादव मोटर सायकल मेकेनिक के माध्यम से मोडिफाईड एवं रजिस्ट्रेशन नंबर में हेरफेर करवाकर बेच देता था।



बिक्री रकम परस्पर बांटकर अवैध लाभ अर्जित किया करते थे। आरोपियों से थाना जांजगीर के अपराधअलग अलग स्थान एवं समय पर चोरी का मोटर सायकल बरामद किया गया है। वहीं थाना सक्ती के अपराध में चोरी गये मोटर सायकल के अलावा बम्हनीडीह एवं थाना तोरवा क्षेत्र का मोटर सायकल बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध आपराधिक मामलों के अलावा इस्तगासा वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। मोटर सायकल चोरी का पर्दाफाश करने एवं मोटर सायकल बरामदगी में निरीक्षक उमेश कुमार साहू, उप निरी0 बी0पी0तिवारी, उप निरीक्षक पुष्पराज साहू, सउनि भरत राठौर ,होलीराम भार्गव, कमलेश्वर मिश्रा, प्र0आर0 जगदीश अजय, विरेन्द्र भानू,, राकेश यादव, मुकेश यादव, प्रीतम कंवर, राजकुमार चंद्रा, अनिल हंसराज, आरक्षक दिलीप सिंह, हेमंत राठौर, विरेन्द्र टंडन, मनीष राजपूत, सोमेश शर्मा, अर्जुन यादव, चिरजींव कमलेश, सुनील सूर्यवंशी, सुशांत राठौर, आशीष यादव, बाल्मिकी राठौर आर0 संतोष कंवर एवं टिकेश्वर राठौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पूजा-अर्चना कर आनंद मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया

# केशरवानी महिला समिति द्वारा आयोजित आनंद मेला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बलोदाबाजार
www.dailypioneer.com

केशरवानी महिला समिति द्वारा आयोजित आनंद मेला संपन्न बलोदा बाजार नगर में केसरवानी महिला सभा द्वारा आयोजित आनंद मेला नगर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक प्रमोद शर्मा विशेष अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चितावर जयसवाल थे साथ ही साथ केसरवानी समाज के प्रदेश संरक्षक विजय केशरवानी, द्वारा कार्यक्रम में महा ऋषि कश्यप जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी पूजा-अर्चना कर आनंद मेला का विधिवत उद्घाटन किया इस अवसर पर समाज की रत्न मणि केशरवानी प्रदेश संगठन मंत्री नरेश केसरवानी महिला सभा संरक्षक कविता केसरवानी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष विभा केशरवानी नवनीत मिश्रा नगरसभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरवानी नगर महिला सभा की अध्यक्ष रजनी केसरवानी तरुण सभा अध्यक्ष नितेश केसरवानी थे कार्यक्रम का संचालन महिला सभा सचिव मनीषा केसरवानी के द्वारा किया गया इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता टिशू लाल धुरंधर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव योगेश वर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे इस आयोजन में लकी कूपन का ड्रा निकाला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार किआन अग्रवाल द्वितीय पुरस्कार नानी अग्रवाल तृतीय अनिल सोनी को दिया गया इस आयोजन में 10 संता वना पुरस्कार भी निकाला गया खाने के 30 इंस्टॉल लगाए गए थे जिनमें प्रमुख रूप से गुपचुप आलू चाप वेज कटलेट पाव भाजी मंचूरियन सैंडविच दवे ली मंगोड़ी मैगी पनीर पकोड़ा जलेबी भेल चना रोस्ट मोमोज ढोकला लिट्टी चोखा फिंगर चिप्स अंकुरित बेल अप्पे शाही कचौड़ी के साथ-साथ एक से बढ़कर एक खाने का स्टॉल लगाया गया तथा बच्चों के लिए गेम्स का आयोजन भी किया गया था वहां मौजूद सभी लोगों ने बहुत इंजॉय किए इस मेले में एक से बढ़कर एक हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए थे इस कार्यक्रम को सफल बनाने केशरवानी महिला सभा का पूरा सहयोग रहा नगर सभा तरुण सभा के सभी लोग सहयोग के लिए स्कूल प्रांगण में मौजूद रहे केसरवानी महिला समिति के द्वारा स्कूल के प्रिंसिपल और जिला शिक्षा अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी का आभार व्यक्त किया गया जिनका सहयोग समाज के लोगों को हमेशा मिलता रहा है।





# जिला पंचायत सीईओ ने बघिमा और सारूडीह के मनरेगा कार्य का किया निरीक्षण

## दिव्यांगजनों को भी मनरेगा के तहत् काम देने के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने आज जशपुर विकासखंड के बघिमा और सारूडीह में मनरेगा के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार्य स्थल पर मजदूरों की संख्या लक्ष्य के अनुरूप है। एनएमएमएस का कार्य भी नियमित हो रहा है। सुशासन फाईले अच्छी तरह संधारित कर रखी जाती है। उन्होंने पीओ को मनरेगा में अच्छा कार्य करने करने पर सराहना भी किया और दिव्यांग लोगों को भी मनरेगा के तहत् काम देने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र/2503/न.पा.प./लो.नि.वि./2022-23 — बेमेतरा, दिनांक 27/12/2022

**// मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/भवन एसओआर 01.01.2015 पर कम/सामान/अधिक दर पर 14वें वित्त मद अंतर्गत स्वीकृत नाली निर्माण कार्य-05, लागत राशि 8.14 लाख रूपये हेतु दिनांक 18.01.2023 को कार्यालयीन अवधि समय 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09.01.2023 कार्यालयीन समय तक |
| 2. कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 11.01.2023 कार्यालयीन समय तक |
| 3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.01.2023 को शाम 3:00 बजे |
| 4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.01.2023 को शाम 4:00 बजे |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./..........अ-20(2)/2022-23

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा ग्राम जुरगुम, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद सोनकर आ. शिवकुमार सोनकर जाति खटिक, निवासी विष्णु बगान जशपुरनगर तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जुरगुम प.ह.नं. 07 रा.नि.म. जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) स्थित भू खण्ड/भूमि खसरा नं. 359/1 कुल रकबा 0.36/15696 हे. में से रकबा 48 वर्गफुट नजूल भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) के समक्ष आवेदन पत्र दिये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 10/01/2023 को नियत किया गया है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)

# उत्तर प्रदेश की छवि बना निवेश स्थल

**पिछले** कुछ साल में उत्तर प्रदेश की छवि में आमूल परिवर्तन हुआ है और वह देशी-विदेशी उद्योगपतियों का निवेश स्थल बन गया है। कानून-व्यवस्था बेहतर होने के कारण पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनायें तलाश रहे हैं। 1980 के दशक में प्रमुख जनसंख्याविद् व आर्थिक विशेषज्ञ आशीष बोस ने 'बीमारू' शब्द गढ़ा था जो हिंदीभाषी क्षेत्र के गरीब व पिछड़े राज्यों-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश का प्रतीक था। यह शब्द हिंदी शब्द 'बीमार' के निकट था। इसका व्यापक प्रयोग नीति निर्माताओं व टिप्पणीकारों ने किया था। दूसरी ओर पंजाब की छवि एक जीवन्त राज्य की थी और अब भी है जहां लोग अच्छा भोजन करते हैं, लस्सी और व्हिस्की पीते हैं तथा भांगड़ा करते हैं। लेकिन समय बदलने के साथ ये सभी चीजें बदल रही हैं। विभिन्न राज्यों के लगभग 50 उद्योगपतियों ने 19 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उस राज्य में निवेश के अवसर तलाशे, जबकि एक समय इस राज्य को 'बीमारू' कहा जाता था। पंजाब डाइंग फेडरेशन के अध्यक्ष तथा लुधियाना के उद्योगपति टी.आर. मिश्रा ने मीडिया को बताया कि योगी आदित्यनाथ से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में 'पंजाब के 15 बड़े उद्योगपति' शामिल थे। पंजाब के बिजनेसमैनों में एवन साइकिल के एमडी ओंकार सिंह पाहवा व हीरो समूह के प्रमुख व एमडी पंकज मुंजाल भी शामिल थे। बताया जाता है कि पंजाब के उद्योगपति अपने प्रदेश में 'खराब होती कानून-व्यवस्था' से चिन्तित तथा नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 'दिलचस्पी न लेने' के कारण निराश थे। उनका यह भी विचार है कि उत्तर प्रदेश की 'बेहतर औद्योगिक नीति' है। हालांकि, हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'छवि निर्माण' का अच्छा प्रयास किया है और उसे मीडिया ने समर्थन दिया है, लेकिन निश्चित रूप से यह वास्तव में खुशी की बात है कि बिजनेसमैन देश के सबसे बड़े राज्य में निवेश के प्रति दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उद्योगपति उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था व ढांचागत संरचना के कारण आकर्षित हो रहे हैं। उदाहरणार्थ, पाहवा उत्तर प्रदेश में अपने उद्योग का विस्तार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया, 'उत्तर प्रदेश में ढांचागत संरचना में काफी सुधार हुआ है, श्रमशक्ति उपलब्ध है तथा कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योगपतियों की बैठक से स्पष्ट रूप से भारतीय जनता पार्टी अत्यधिक प्रसन्न है। मजेदार बात है कि कांग्रेस भी इसे सुखद मानती है जो इस साल पंजाब में सत्ता गंवा चुकी है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य में आम आदमी पार्टी-आप सरकार का मजाक उड़ाते हुए ट्वीट किया, 'बदलाव आ गया है।' वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उद्योगपतियों के पलायन का कारण 'पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था' को बताया है। भले ही कांग्रेस नेताओं द्वारा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का दोषी मान सरकार को बताना उचित हो, पर वे स्वयं भी राज्य की समस्याओं के लिए काफी सीमा तक जिम्मेदार हैं। उनको याद दिलाया जाना चाहिए कि पिछले साल अगस्त में भी पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में 150 नई इकाइयां स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। इस घटनाक्रम से आप व दूसरी पार्टियों को कई सबक लेने चाहिए। पहला, कानून-व्यवस्था निवेश आकर्षित करने की प्रमुख शर्त है। दूसरा, 'खैरात' बांट कर आप चुनाव जीत सकते हैं, पर सरकार चलाना बिल्कुल अलग बात है।



# राष्ट्रवाद के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी

## 25 दिसंबर राष्ट्रवाद व सुशासन के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। उनका जीवन और कार्य भारतीयों को आज भी प्रेरणा देता है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



भारतीय जनता के लिए 25 दिसंबर का विशेष महत्व है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म इसी दिन हुआ था। उनको इस दुनिया से विदा लिए कई साल बीत गए, पर लोग आज भी भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हैं। 'न्यू इंडिया' के निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान उनको एक महानतम राजनेता के रूप में स्थापित करता है। समय बीतता रहता है, पर वाजपेयी जी लोगों के दिलों में बने हुए हैं। आज जब भारत उनके आदर्शों और उनके द्वारा निर्मित मूलाधारों पर आगे बढ़ रहा है तब उनकी आत्मा हमारे आसपास है। कई दशक पहले ही उन्होंने राजनीति पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी थी। राजनीति जनता की सेवा का साधन है, पर इसके बावजूद राजनीति किसी प्रकार भी 'भीड़ का गुलाम' बनने का नाम नहीं हो सकता है। राजनेता बेहतर अवसरों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जनता का नेतृत्व करते हैं। नेताओं को भविष्य पर नजर रखते हुए समकालीन परिस्थितियों को समझ कर जनता के लिए सर्वोत्तम अवसर पैदा करने चाहिए। राष्ट्र का निर्माण जनता से होता है और राष्ट्रीय हित जनता का हित है।

सच्चे अर्थों में केवल कोई राष्ट्रवादी ही जनता का नेतृत्व कर सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी अपने विचार व कार्यों से पक्के राष्ट्रवादी थे। वे उल्लेखनीय कवि तथा उदार हृदय वाले व्यक्ति थे। वे स्वप्नदृष्टा थे। इसके साथ ही वे आशावादी, आस्तिक व कर्मठ व्यक्ति थे। वे विचारों को धरातल पर उतारना जानते थे और उनको इतिहास की गहरी समझ थी। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जानते थे कि भारत की यात्रा संघर्षों से भरी है। यह यात्रा लंबी और थका देने वाली हो सकती है। वे जानते थे कि जनता और राष्ट्र की सच्ची क्षमतायें प्राप्त करने के लिए भारत को भावी पीढ़ियों हेतु मजबूत नीव डालनी होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भारत की यात्रा निर्धारित की थी।

बिना विचारधारा के राजनीति खोखली होती है। वाजपेयी जी इसे जानते थे और उन्होंने हमेशा विचारधारा को राजनीति के केन्द्र में रखा। वे संगठन निर्माण में दक्ष थे। उन्होंने पार्टी का ऐसा संगठन तैयार किया जिसने कई दशक की राजनीति में सैकड़ों नेताओं को तैयार किया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने निकट आने का अवसर दिया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मानसिक संरचना पर अमिट छाप छोड़ी ओर इन कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के विचारों व कार्यनीतियों के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने पीछे सर्वाधिक महत्वपूर्ण संदेश यही छोड़ा कि विचारधारा को कभी छोड़ा नहीं जा सकता है। हालांकि, आपातकाल समाप्त होने के बाद जनसंघ ने राष्ट्रीय हित में समाजवादियों से हाथ मिलाया, पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने और उनके साथियों ने अपनी विचारधारा छोड़ी नहीं है। उन्होंने दिखा दिया कि उनकी विचारधारा राष्ट्रीय हितों से पूरी तरह जुड़ी है। वाजपेयी अपनी कथनी व करनी में पूरी तरह ईमानदार थे। उनको सुस्वादु भोजन प्रिय था, वे बच्चों से प्यार करते थे, दोस्तों के साथ का आनन्द उठाते थे तथा वार्तालाप का आनन्द लेते थे। वे अच्छी बहस कर लेते थे और उनको तार्किक बातें पसंद थीं। इन सबके साथ ही वे महान लोकतंत्रवादी थे। यहां तक कि कम्युनिस्टों को भी उनका साथ पसंद था। सभी लोगों की उन तक पहुंच थी और वे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते थे। संसद में उनके तर्क तलवार की धार की तरह तेज होते थे। वे अपनी बुद्धिमत्ता व तर्क शक्ति से विरोधियों को परास्त कर देते थे। इसके बावजूद वे संसद के बाहर सबके मित्र थे। वे कभी राजनीतिक विभाजनों को अपने लिए दीवाल नहीं मानते थे। इस प्रकार वे अपने आप में विशिष्ट थे। उन्होंने संसदीय बहसों को हमेशा समृद्ध बनाया। अपने योगदान से उन्होंने संसद में बहस और विमर्श की परंपरा स्थापित की। 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में एकता का आह्वान किया था। भारत ने एक स्वर से सशस्त्र बलों की वीरता का समर्थन किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि कोई भी राजनीतिक विभाजन भारत के राष्ट्रीय हितों में बाधा नहीं बन सकता है। भारतीय सेना की वीरता और उसकी क्षमता के बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। स्वर्गीय वाजपेयी ने अपनी कथनी और करनी से ऐसी संसदीय परंपरायें स्थापित कीं कि भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में किसी विभाजनकारी विमर्श का कोई स्थान नहीं है। वास्तव में विपक्ष को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यवहार से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कभी भारत के राष्ट्रीय हितों की कीमत पर राजनीतिक लाभ उठाने के लिए 'शार्टकट' अपनाने का प्रयास नहीं किया। लेकिन विडंबना है कि पिछले कुछ साल से वर्तमान विपक्ष भारत के राष्ट्रीय हितों के मामले में भी विभाजनकारी संकेत दे रहा है। निश्चित रूप से विपक्ष को स्वर्गीय वाजपेयी के कार्यों का अध्ययन कर अपने व्यवहार में उनके मूल्यों को समाहित करना चाहिए। स्वर्गीय वाजपेयी आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारत शताब्दियों तक विदेशी शासकों का गुलाम रहा। स्वाभाविक रूप से इसके कारण लोगों के दिमाग में अपने प्रति विश्वास की कमी घर कर गई। भारत को अपनी शक्ति पुनः खोजनी थी। लोगों को अपनी क्षमतायें समझनी थीं। भारत को विश्व व्यवस्था में अपने लिए समुचित स्थान तलाशना था। इसी दृष्टिकोण के चलते स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण में नाभिकीय परीक्षणों का निर्णय किया। वे कभी भयभीत नहीं हुए और विश्व शक्तियों का कोई दबाव या धमकी उनको नाभिकीय प्रतिरोधक क्षमता प्राप्त करने से रोकने में सफल नहीं हुई। यह भारत के लिए अविस्मरणीय क्षण थे जब उसने अपनी क्षमता के प्रति सारे संदेहों को समाप्त कर दिया। सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने उल्लेखनीय सफलता के साथ गठबंधन सरकारों का नेतृत्व किया। 1980 के दशक में भारत की विभाजित राजनीति ने एक के बाद दूसरे कई चुनावों में विखंडित जनादेश दिए। लेकिन स्वर्गीय वाजपेयी ने इन परिस्थितियों में भी राजनीतिक स्थायित्व बनाने का प्रयास किया। भारतीय राजनीति की उन अस्थिर परिस्थितियों में भी स्वर्गीय वाजपेयी ने आधुनिक भारत की नीव डाली। कनेक्टिविटी प्रगति का रास्ता है। वाजपेयी जी ने व्यक्तिगत रूप से दिलचस्पी लेकर भारत को सड़कों, बंदरगाहों, हवाईअड्डों व दूरसंचार कनेक्टिविटी के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उनको इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि आज कोरोना-पश्चात वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारत मजबूती से अपना स्थान बना चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी भारत में दूरसंचार क्रांति के पितामह हैं। भारत आज डिजिटल अर्थव्यवस्था में अनेक उपलब्धियों का लाभ उठा रहा है। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उनको इस बात का भी श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारत आज कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित रूप से जनता तक पहुंचाने के मामले में डिजिटल क्षमताओं का प्रयोग कर रहा है।

स्वर्गीय वाजपेयी का विश्वास था कि जनता के बीच मौजूद खाइयां पाटी जानी चाहिए। उन्होंने समझ लिया था कि भारत की यात्रा में देश के ग्रामीण हिस्से पीछे छूट रहे हैं। इस पर ध्यान देते हुए उन्होंने ग्रामीण भारत में कनेक्टिविटी की गहन नीतियां तैयार कीं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई ने आज बड़ी सीमा तक भारत में शहरी-ग्रामीण विभाजन समाप्त किया है। अब देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शहरी सुविधायें मिल रही हैं। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कभी जनता के हित में कठोर निर्णय लेने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने दिखा दिया कि सुशासन की राजनीति संभव है। यह उन राजनेताओं से बिल्कुल अलग है जो सत्ता तक आसानी से पहुंच के लिए 'लोकरंजक' नीतियां अपनाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के उल्लेखनीय कार्य ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी क्षमता के व्यापक विस्तार में सहायता दी। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'स्वर्णिम दशक' का उपहार दिया। दुःख की बात है कि प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के अच्छे काम को मनमोहन सिंह नीत संप्रग सरकार के घोटालों ने बेकार कर दिया।

# जिन्ना का मिशन था पाकिस्तान की स्थापना


**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



सामान्य मानवीय समीकरण से परे, एक आध्यात्मिक प्रश्न उठता है कि मोहम्मद अली जिन्ना के जीवन और करियर के पीछे क्या मिशन हो सकता है। पाकिस्तानी दैनिक डॉन के एक पूर्व संवाददाता- जो दिल्ली में तैनात थे, लेकिन अब ब्रिटेन में बस गए हैं - कहते हैं : ''विभाजन ने हिंदू धर्म को बचाया।''

हम कहते हैं कि जिन्ना के बिना विभाजन संभव नहीं था। मुसलमानों में कोई और नेता नहीं था जो ब्रिटिश वाइसराय और अधिकारियों के साथ बहस या बातचीत कर सके। जिन्ना एकमात्र ऐसे मुसलमान थे जो सरदार वल्लभभाई पटेल और भूलाभाई देसाई जैसे बड़े कांग्रेस नेताओं और निश्चित रूप से जवाहरलाल नेहरू के साथ बहस और बातचीत कर सकते थे। न ही किसी अन्य मुस्लिम लीगी का अखिल भारतीय कद था। न किसी अन्य ने जुलाई-अगस्त 1946 की सीधी कार्रवाई जैसी किसी सामरिक योजना में महारत दिखाई थी जो पाकिस्तान के निर्माण की ओर ले जा सके। जिसने अंग्रेजों के साथ-साथ हिंदुओं को भी आश्वस्त किया था कि अविभाजित भारत दो तलवारों वाली म्यान होगा। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली आने वाले वायसराय माउंटबेटन को यकीन हो गया था कि अंग्रेजों के जाने से पहले भारत को विभाजित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

जिन्ना दूसरी पीढ़ी के मुसलमान थे। उनके दादा पूंजाभाई ठक्कर थे, जो जो राजकोट से बहुत दूर नहीं ,धोराजी में एक प्रमुख व्यापारी थे। फिर भी, जिस तरह व्यवसाय अपनी नीयति में उतार-चढ़ाव देखते हैं, पूंजाभाई का भाग्य डूब गया, उन्होंने मछली व्यापार में विविधता लाई। इससे उनकी शाकाहारी लोहाना जाति परेशान हो गई। मछली के व्यापार से चिपके रहने के अलावा पूंजाभाई के पास जीवित रहने का कोई विकल्प नहीं था। जाति और उसके सदस्यों के बीच टकराव के कारण पुंजाभाई को लोहाना संप्रदाय से निष्कासित कर दिया गया। जवाब में, पूंजाभाई, सर आगा खान के अनुयायी,इस्माइली खोजा में धर्मांतरित हो गए।



धर्मांतरण के बाद की बेचैनी ने अंततः परिवार के बंदरगाह शहर कराची में प्रवास का नेतृत्व किया। उनके पिता जिन्नाभाई अपने पैतृक व्यवसाय में लगे रहे, हालांकि वे चाहते थे कि उनका बेटा लंदन से चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। जिन्ना के पासपोर्ट पर 'मोहम्मद अली जिनाभाई' पढ़ा गया और लंदन में उनके शुरुआती परिचितों के बीच उन्हें इसी नाम से जाना जाने लगा। गुजराती में 'जीना' का मतलब छोटा होता है, और 'भाई' का मतलब भाई होता है। जल्द ही, उन्होंने महसूस किया कि एकाउंटेंसी उनके बस की बात नहीं। अपने समूह या छात्रावास के साथियों के सुझाव पर उन्होंने लिंकन्स इन आफ लॉ में व्याख्यानों में भाग लेने और रात्रिभोज करने में अपना हाथ आजमाया, जो उन्हें पसंद आया। दो साल बाद बैरिस्टर-एट-लॉ पास करने के बाद, जिन्ना ने सीखा कि वह अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत होने के लिए बेहद कमउम्र थे। उन्हें 21 साल की उम्र तक इंतजार करना पड़ा था।

जिन्ना ने जो अन्य गतिविधि अपनाई, वो यह कि वह हाउस ऑफकॉमन्स के सत्रों में, जब भी संभव हुआ, उसमें भाग लेते थे और राजनेताओं की सहायता भी करते थे। उन्होंने दादाभाई नौरोजी के सचिव के रूप में कार्य किया, जो 1892 से 1895 तक फिन्सबरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद के उदार सदस्य बने। कुल मिलाकर, जिन्ना ने लंदन में जीवन का आनंद लिया और भारत लौटने से पहले एक भूरे अंग्रेज बन गए। इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि उन्होंने धर्म या आध्यात्मिकता के मामलों में कोई दिलचस्पी दिखाई थी।

बंबई उच्च न्यायालय में दाखिल होते ही उनका कानूनी करियर चमक गया। उनके कई मित्र हिंदू थे, और उन्होंने विशेष रूप से उच्च वर्ग के पारसियों की सोहबत का आनंद लिया। उनके भाई अहमद अली ने अपने दोस्त और मेरे दादा धरमदास वोरा को बताया कि ''सांस्कृतिक रूप से हम दोनों भाई पारसी हैं। जब तक मोहम्मद को मुस्लिम लीग का आजीवन अध्यक्ष नहीं बनाया गया, तब तक हमने न तो प्रार्थना की थी और न ही हमारे पास उपयुक्त कपड़े थे। अधिकांश मुस्लिम कांग्रेसी लीग के सदस्य थे, जैसे कई हिंदू कांग्रेसी हिंदू महासभा की बैठकों में शामिल होते थे। कलकत्ता में कांग्रेस के 1928 के पूर्ण अधिवेशन तक, जिन्ना एक धर्मनिरपेक्ष राजनीतिज्ञ थे।


1928 के अधिवेशन में जिस तरह से उन पर छींटाकशी की गई, उसने उन्हें दुखी कर दिया और कलकत्ता छोड़ते समय, उन्होंने अपने दोस्त दीवान चमन लाल से आंखों में आंसू भरकर कहा, ''यह रास्तों का अलग होना है।'' बंबई से, जिन्ना पूर्णकालिक वकालत की प्रेक्टिस करने के लिए लंदन चले गए। वह पहले से ही समूचे ब्रिटिश साम्राज्य में सर्वाधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर थे।

हालांकि जिन्ना ने हैम्पस्टेड में अपने खुद के आलीशान घर में उच्च वर्गीय जीवन व्यतीत किया, लेकिन उन्होंने अपनी राजनीति की कमी महसूस की। 1934 में, जब नवाबजादा लियाकत अली खान लंदन का दौरा करने आए, तो उन्होंने जिन्ना के साथ रात का भोजन किया ताकि यह प्रस्तावित किया जा सके कि कायद-ए-आजम लीग का नेतृत्व करने के लिए भारत लौटें और इसमें जीवन फूंकें।

यह सुनिश्चित करने के बाद कि उनका स्वागत हुआ है, जिन्ना 1935 में बंबई लौट आए। इसके बाद, नए अध्यक्ष का दिमाग इस बात पर केंद्रित था कि लीग को अपनी पहचान बनाने में सक्षम होने के लिए किस उद्देश्य और रणनीति की आवश्यकता है। 23 मार्च, 1940 को लीग के खुले सत्र में बहुचर्चित पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि ''हिंदू और मुसलमान विरोधी समुदाय हैं और एक ही देश में सह-अस्तित्व नहीं रख सकते। इसीलिए इसका उत्तर था कि हिन्दुओं के लिए हिन्दुस्तान और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान में देश का विभाजन। ''


चूंकि जिन्ना केवल अंग्रेजी और थोड़ी गुजराती जानते थे, उन्होंने अंग्रेजी में जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन फिर भी विभाजन के लिए प्रचार करने निकल पड़े। इसलिए, विभाजन-जिन्ना के नाम और प्रसिद्धि तथा इतिहास में एक राष्ट्र के संस्थापक के रूप में उनके स्थान - की घटना बनकर संपन्न हुआ।

## फरमाया



**कांग्रेस** कोरोना प्रोटोकाल संबंधी सभी निर्देशों का पालन करेगी, पर वह अपनी यात्रा नहीं रोकेगी।

**- सलमान खुर्शीद**
कांग्रेस नेता



**मेरी** राष्ट्रपति जेलेन्स्की से मुलाकात रूस से युद्ध के समय हुई थी। उन्होंने दृढ़ता से अपनी जनता के साथ खड़े रहने का वादा किया था।

**- कमला हैरिस**
अमेरिकी उप राष्ट्रपति



**न्यायपालिका** को अवैध बनाने की बात मेरी समझ से परे है। यह लोकतंत्र का एक स्तंभ है।

**- जगदीप धनखड़**
उप-राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## फिल्मों का विरोध

**कानून** का दुरुपयोग न केवल उसकी उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है अपितु पीड़ितों के साथ अन्याय भी साबित होता है। जिस तरह आजकल कानून परेशान करने का हथियार बनता जा रहा है वह न केवल चिंता का विषय बल्कि न्याय प्रक्रिया का मखौल भी है। लगातार बढ़ते दुरुपयोग को संज्ञान में लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी की है उसे अमल में लिए जाने की जरूरत है। आजकल कानून रसूखदार और षड्यंत्रकारियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गया है। निर्दोष और कमजोर लोग इसके शिकार होते ही हैं। इस तरह की घटनाएं आम हो चुकी है जो आए दिन खबरों की सुर्खियां बनती हैं। हालातों के मद्देनजर ही सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी आई है कि कानून निर्दोषों की रक्षा के लिए है न कि तलवार की तरह डराने के लिए। अब जरूरत इस बात की है कि इस तरह पीड़ित हो रहे निर्दोष, किंतु अपराधी ठहराए गए लोगों के मामलों की वास्तविकता की तह तक जाया जाए और न सिर्फ सजा से उन्हें मुक्त किया जाए अपितु दोषी जवाबदारों को सीखचों के पीछे डाला जाए तभी न्याय का मकसद कि '100 अपराधी बच जाए पर एक निर्दोष को सजा न मिले' पूरा हो सकेगा। इस सिद्धान्त पर अमल होना जरूरी है।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

## गिग वर्कर्स की पीड़ा

**काम** के बदले भुगतान के आधार पर रखे गए कर्मचारियों को गिग वर्कर कहा जाता है। हालांकि, ऐसे कर्मचारी कंपनी के साथ लंबे समय तक भी जुड़े रहते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए काम करने वाले, मसलन, फूड डिलिवर करने वाले कैब ड्राइवर, आदि। पूरे भारत में लगभग 15 मिलियन गिग वर्कर्स हैं। ये गिग वर्कर अमानवीय व्यवहार की कई कहानियां सुनाते हैं। हाल ही में एक फूड डिलीवरी एजेंट का एक्सीडेंट हो गया, उसने कंपनी हेल्पडेस्क को फोन किय। कंपनी ने केवल अपना ऑर्डर देने के लिए प्रतिस्थापन भेजा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई भी नहीं आया। कैब चालकों की भी स्थिति अलग नहीं है। गिग वर्कर्स की मुख्य मांगों में से एक कर्मचारियों के रूप में मान्यता है। अधिकांश गिग वर्कर किसी मंच से जुड़े हैं और सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए कर्मचारियों के रूप में काम करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं, लेकिन उनके 'डिलीवरी पार्टनर्स' या 'तत्काल ठेकेदारों' जैसे नाम हैं, मगर कर्मचारियों के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। सरकार हस्तक्षेप कर गिग वर्कर के लिए नियामक ढांचा बनाए जिससे कि इन श्रमिकों के श्रम अधिकारों की रक्षा की जाए।

**परमवीर 'केसरी',** मेरठ

## कोरोना से भय

**विश्व** में तबाही मचा चुके कोरोना महामारी के प्रकोप ने एक बार फिर से लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में काफी तेजी से इसके मामले बढ़ रहे हैं। अप्रत्यक्ष बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खासकर चीन में तो इसके भयावह हलात हैं लगभग 60 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुकी है। अब हमें पुनः सावधानी बरतना आरंभ कर देना चाहिए, कम से कम मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग तो शुरू कर देना चाहिए। नीति आयोग की तरफ से भी लोगों को मास्क लगाने और बूस्टर डोज लेने की अपील की जा रही है। कोरोना के अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बार फैल गया तो रोकना बहुत कठिन हो जाएग, वैसे भी हमारे यहा संक्रामक बिमारी काफी तेजी से फैलती हैं। इसलिए सतर्क रहें, स्वस्थ रहें। लेकिन अवसाद व निराशाजनक भावनाओं से बचना भी जरूरी है क्योंकि ऐसा होने पर समस्या और गंभीर हो सकती है।

**नवनीत कुमार,** चंपारण

# गांव गांव में जनचौपाल लगा कर गरीबो को पक्का मकान दिलाने की संकल्प लेगी भाजपा : अनिल सिंह जिलाध्यक्ष




पायनियर संवाददाता ∢ कबीरधाम
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा जिला स्तर पर एक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया है कि अब हक की लड़ाई लड़ेगी जनता के हित में जिसमें जिले के दिग्गज नेता एवं कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आहवान में जिले के 802 शक्तिकेन्द्र में भाजपा के कार्यकताओं की टीम हर गांव पहुंच कर जनचौपाल लगा कर गरीबो को पक्का मकान दिलाने की संकल्प लेगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की संवेदनहिनता से लाखो गरीबों को आवास से वंचित होना पड़ा। आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में ग्राम पंचायत से लेकर जिला व प्रदेश स्तर पर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर आज बोड़ला मंडल के ग्राम पंचायत चोरभट्ठी भाजपा की टोली पहुंची, ग्राम चोरभट्ठी, आमानारा, शक्तिपानी के आदिवासी समाज के लोग अपने आवास की समस्याओं को भाजपा नेता के बीच रखा। अनिल सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष एक दिवसीय दौरा कर ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के आसपास रहने वाले लोगों से जनचौपाल के माध्यम से मुलाकात कर हाल चाल जाना।

श्री ने हितग्राहियों से मिलकर आवास संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि जनता के साथ हमेशा मिलकर काम करने वाले भारतीय जनता पार्टी हैं। हितग्राहियों की सूची को वॉल राइटिंग कराना साथ ही हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास के राज्यांश हेतु मांग पत्र भरवाना सहित अन्य तैयारियों करने की बात की। भाजपा द्वारा मोर आवास मोर अधिकार नाम से प्रदेश भर में आंदोलन की तैयारी की जा रही है जल्द ही प्रदेश स्तरीय आंदोलन होगा,जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा भी पूरे डेढ़ माह का खाका भी तैयार कर लिया गया है जिसको लेकर वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं से विचार विमर्श किया जा रहा है साथ ही मंडलों में मंडल स्तर पर भी निरंतर बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम को व्यापकता देने की कार्य योजना बना रहे हैं। इस बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अशोक साहू,नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, विदेशी राम धुर्वे वरिष्ठ नेता, सुरेश दुबे मंत्री, मनी राम साहू युवा नेता, नरेश चंद्रवंशी मण्डल उपाध्यक्ष, रामजी मानिकपुरीशक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष प्यारे राम मेरावी, काशी राम उइके, फगनू धुर्वे भाजपा नेता, संदीप गुप्ता, सुनील मानिकपुरी, शिकारी बैगा, अघनु राम धुर्वे, उत्तम मेरावी सहित आस पास से आवास की समस्या लेकर आये पीड़ित ग्रामीणजन मोर आवास मोर अधिकार योजना के जनचौपाल में उपस्थित रहे।

# सतनाम पंथ का सफेद ध्वज शांति का है प्रतीक : विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोढ में आयोजित परम् पूज्य बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुए, बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एक ऐसे संत थे, जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया, ऊन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया,बाबा गुरु घासीदास जी एकमात्र संत हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में उपदेश दिया उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा बोली को आगे बढ़ाने का काम किया है, बाबा गुरू घासीदास के वचन और उनके उपदेश लोगों को प्रेरणा और मार्गदर्शन देने वाले हैं,बाबा गुरु घासीदास के द्वारा कहे गए आदर्श संदेश मनखे मनखे एक समान को आत्मसात करने से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता है,साथ ही साथ ही ग्राम पंचायत सोढ में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य हेतु 03 लाख रुपए की घोषणा इस अवसर पर कविता साहू उपाध्यक्ष मंडी बोर्ड, नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रूपेन्द्र पाटिल सरपंच प्रतिनिधि, वरुण मारकंडे, राजेन्द्र कुर्रे, चंद्रकेश चालीसा, गैंदसिंह डेहरे, रविशंकर देशलहरे, पुनाराम सोनवानी, विजय जोशी, मोहन जागडे, बृजलाल कुर्रे, उत्तम चंदेल, पुन्नू पात्रे, भारत जोशी, रामलाल गायकवाड़, बसंत मारकंडे, लाखो दिवाकर, नेहा सुराना, गुड्डु सेन, गोविंदा राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 4 लाख मेट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी, उपार्जन केन्द्रों से 2 लाख 83 हजार मेट्रिक टन धान का हुआ उठाव

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए 01 नवंबर से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में 01 लाख 42 हजार 849 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि 26 दिसम्बर तक जिले के 142 धान उपार्जन केंद्रों में 01 लाख 17 हजार 599 पंजीकृत किसान अपने धान की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि धान बिक्री करने वाले पंजीकृत किसानों की संख्या 82 प्रतिशत है। इस तरह से इन कृषकों से अब तक 04 लाख 49 हजार 456 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्रों से 02 लाख 83 हजार 119 मेट्रिक टन धान का उठाव भी किया जा चुका है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी धान उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई है। जिसके फ्लस्वरूप जिले में निर्विध्न रूप से धान खरीदी व उठाव का कार्य जारी है। इसके साथ ही कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय तथा नोडल अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर धान खरीदी केन्द्रों का सतत् निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# शक्ति दिवस के मौके पर मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी हुए कई गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल, ग्रामीणों द्वारा बैंड बाजा के माध्यम से किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लाक में शक्ति दिवस पर ग्राम चिपरा, अड़जाल, चिखली एवं खुर्सीटिकुर में मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। जहां पर सबसे पहले सभी अतिथियों को बैंड बाजा के माध्यम से स्वागत किया गया। तत्पश्चात मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इन दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मांग की गई। जिस पर मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने जल्द ही पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। इन दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी ग्रामीणों को बताया गया। वही समस्त क्षेत्रवासियों को शक्ति दिवस के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया और सभी समाज प्रमुखों को सामाजिक बंधुओं को सकारात्मक नियम बनाने के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम में सभी समाज प्रमुखों की ओर से श्री सोनी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री कैलाश राजपूत, जनपद पंचायत सद्स्य यश राणा, प्रदीप दिल्लीवार, रविकांत देशमुख बेलसिंह रावटे, निजाम सिंह कोसमा, ईश्वर लाल भुआर्या, सदा राम राणा, अंजोर कोमा, मुकुंद राम भण्डारी, सोन सिंह हिडको, देवेंद्र कुमार सिंदरामे, कीर्तन लाल ठाकुर, समस्त सामाजिक बंधु एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर शर्मा ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याए, किसान होरीलाल के घर में ऋण पुस्तिका बनाकर पहुँचाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भण्डेरा निवासी बुजुर्ग किसान होरीलाल के लिए बहुत ही राहत देने वाला साबित हुआ। बुजुर्ग किसान होरीलाल ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा से उनके ऋण पुस्तिका के गुम जाने पर तत्काल दूसरी ऋण पुस्तिका प्रदान करने की मांग की। किसान होरीलाल ने कहा कि ऋण पुस्तिका के गुम जाने से उन्हें शासन के योजनाओं के लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने तहसीलदार गुण्डरदेही को तलब कर किसान होरीलाल का तत्काल ऋण पुस्तिका बनाकर उनके घर में पहुँचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर से शीघ्र ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति बनाकर उनके घर में पहुँचाने के आश्वासन मिलने के बाद किसान होरीलाल के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव नजर आ रहे थे। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में विभिन्न ग्रामों से आए हुए लोगों की समस्याओं एवं मॉगों को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन कार्यक्रम में ग्राम खपरी के सोहन लाल ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम देवरी के गोवर्धन लाल ने वृद्धापेंशन दिलाने, ग्राम भोथीपार के ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम भाटागांव के मधुसुदन यादव ने व्हीलचेयर प्रदान करने, ग्राम रीवागहन की टुलेश्वरी बाई प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत ठेकवाडीही के सरपंच ने नया भवन दिलाने सहित अन्य ग्रामों से पहुँचे ग्रामीणों ने भी अपनी मॉगोंएवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे।

# अटलजी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा छत्तीसगढ़ : विक्रम धुर्वे


**दल्लीराजहरा।** जिलाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा व सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत चिखलाकसा



विक्रम ध्रुवे ने भिलाई में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना का विरोध करने पर कांग्रेस की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिसने छत्तीसगढ़ निर्माण किया, उस महान नेता का कांग्रेस अपमान कर रही है। एक खानदान विशेष की गुलामी कर रहे कांग्रेसियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण नहीं किया होता तो आज न यह सत्ता सुख भोग रहे होते और न इस राज्य को कांग्रेस का एटीएम बनाकर लूट रहे होते। कांग्रेसी इतने कृतघ्न हो गए कि छत्तीसगढ़ राज्य बनाने वाले की मूर्ति लगाने का विरोध करते हुए मारपीट और पथराव कर रहे हैं यह है कांग्रेस का चरित्र। श्री धुर्वे ने कहा कि भिलाई में वहां के नागरिकों की पर्यावरण समिति 5 साल से चित्र रखकर अटल उद्यान में अटल जी की जयंती मनाती है। उद्यान की भूमि भिलाई स्टील प्लांट की है। इसलिए स्थानीय नागरिकों की मांग पर 20 दिसंबर 2019 को जोन आयुक्त ने भिलाई स्टील प्लांट को पत्र भेजा था और विधिवत मूर्ति स्थापित करने की अनुमति भी मांगी थी। कांग्रेस के नेता और कांग्रेस के गुंडों ने अपने आकाओं के निर्देश पर राजनीतिक द्वेषवश वहां का माहौल खराब करने का प्रयास किया।

# कबीरधाम जिले में अधिकारी कर रहे मनमानी, कार्यवाही का आभाव, अधिकारी का संरक्षण से नही किया जा सकता इंकार

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत कुकरापानी जनपद पंचायत बोड़ला के सरपंच एवं तत्कालिन सचिव सिद्धराम मसराम के द्वारा 14 वें वित आयोग के राशि का जमकर भ्रष्टाचार एवं दुरूपयोग किया गया है। सचिव के द्वारा सरपंच के साथ सांठगांठ करके फर्जी बिल, बंद दुकान, फर्म के नाम से बिल तैयार कर एवं सचिव स्वयं अपने प्रयोजन के ट्रैक्टर का बिल बनाकर पंचायत के धन राशि का भुगतान कर शासकीय 14 वें वित आयोग की राशि का गबन एवं बंदरबांट किया गया है। जिसका शिकायत बोड़ला अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से 18 अप्रैल को किया गया है लेकिन अधिकारी के द्वारा आजतक कोई कार्यवाही नही किया गया है जो कई प्रकार के संदेह लोगो के द्वारा किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने कई प्रकार का पत्र जारी किया है शिकायत से संबंधित सभी दस्तावेज शिकायत कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया है बावजूद सचिव से समस्त दस्तावेज को मांगा लिया गया है जिसके लिए पहले जनपद पंचायत में लेखा अधिकारी को अध्ययन करने भेजा उन्होंने कोई जवाब नही दिया तो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 08 दिसंबर को पुनः जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 21 दिसंबर तक तथ्यात्मक जानकारी भेजने पत्र जारी किया था लेकिन जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पत्र के जवाब देना उचित नहीं समझा।

**बन्द दुकान का बिल लगाकर राशि भुगतान**

सचिव सरपँच के द्वारा पाण्डातराई के एक बन्द दुकान का बिल लगाकर राशि भुगतान किया गया है जिसमें बिल दिनांक ही गायब है। उक्त फर्म / दुकान वर्ष 2013 से बंद है। इस फर्म के नाम पर 4 बिल के माध्यम से 115160 एक लाख पन्द्रह हजार एक सौ साठ रुपये के रकम का गबन किया गया है।

**स्वयं के सोल्ड ट्रेक्टर का बिल लगाकर राशि आहरण**

कुकरापानी के तत्कालिन सचिव सिद्धराम मसराम के द्वारा 14 वें वित्त आयोग के राशि का जमकर भ्रष्टाचार एव दुरूपयोग करते हुए स्वयं अपने कृषि प्रयोजन के ट्रैक्टर मसराम कृषि फार्म बांटीपथरा के नाम से 9 बिल बनाकर पंचायत के 131200 एक लाख इकतीस हजार दो सौ रुपये धन राशि का भुगान कर गबन किया गया है। उक्त फर्म के नाम से अन्य पंचायतों में भी लगाकर राशि आहरण किया गया होगा जो जांच में खुलासा होने की संभावना है।

**सादा पेपर से बिल बनाकर राशि आहरण**

कुकरापानी जनपद पंचायत के तत्कालीन सरपंच एवं सचिव की मनमानी इस कदर हावी है कि सादे कागज में ही बिल बनाकर भुगतान कर दिया गया है।

# डी ए वी जाँता की बेटियां नेशनल स्पोर्ट्स में दिखाएंगे अपना कौशल

## डी ए वी एम पी एस जाँता के बेटीयो का राष्ट्रीय स्तर पर कब्बड्डी में हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




डी ए वी कॉलेज समिति के तत्वाधान में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2022 का आयोजन किया गया था। जिसमें डी ए वी जाँता के बालिका कब्बड्डी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्साह जनक रहा और उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इस प्रतिस्पर्धा में डी ए वी एम पी एस जाँता की बेटियां का राष्ट्रीय स्तर पर कब्बड्डी में जलन्धर पंजाब के लिए जा रहे है विद्यालय को गौरान्वित करने वाली बेटियां खेमिन व तारणी कक्षा ग्यारहवीं (विज्ञान संकाय )की छात्रा है। जिनका चयन राष्ट्रीय स्तर खेल डी ए वी जालंधर यूनिवर्सिटी पंजाब) के लिए हुआ है। तीन दिवसीय 29 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक होने वाले इस कब्बड्डी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने डी ए वी स्कूल के बेटियों को एवं पी टी आई अखिलेश पटेल के तत्वाधान में उन दोनों खिलाड़ियों को संस्था के प्रचार्य श्री पी एल जायसवाल ने प्रोत्साहित,अटूट मनोबल,निश्चय जीत होने, अपने स्कूल का नाम रोशन करने एवं इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद दिया। प्रचार्य ने जानकारी साझा किया कि। हमारे डी ए वी जाँता लगातार तीन वर्षो से नेशनल खेल के लिए चयन होते आ रहा है इससे पूर्व भी डीएवी स्कूल जाता की बालिकाएं नेशनल लेवल कब्बड्डी में खेल चुके हैं जिसमें दिल्ली एन. सी. आर., सोनीपत हरियाणा, नेशनल लेवल खेल के लिए बालिकाओं का हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है श्री जायसवाल बताया कि विद्यालय की ओर से खेल के लिए अधोसंरचना के विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों को सभी उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शक्ति देश की शक्ति हैं। खिलाड़ी का बेहतर प्रदर्शन और जीत उनकी स्वंम, माता-पिता, विद्यालय, राज्य व देश का गौरव बढ़ाता है। अभी नेशनल लेवल खेल में जीत हासिल करते है तो उनका चयन आल इंडिया नेशनल चैपयन शिप (ए के एफ आई) एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बेटियां में क्षमता का अभाव नहीं है बस हमें अधिक से अधिक अवसर सृजित कर इन बेटियों को अवसर देने की आवश्यकता है। जायसवाल ने डी ए वी की बेटियों का राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेना गर्व का विषय बताया है।

## 87.77 करोड़ के 72 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

# भेंट मुलाकात साजा : मुख्यमंत्री ने दी सौ करोड़ के विकास कार्यो की सौगात

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के दौरान बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ के विकास कार्यो और जनसुविधाओं की सौगात दी। इनमें 72.23 करोड़ रूपए के 65 कार्यों का लोकार्पण और 28.36 करोड़ की लागत से बनने वाले 68 विकास कार्यो का भूमिपूजन शामिल है।

**12.92करोड का लोकार्पण किया गया -** मुख्यमंत्री बघेल जिन नवीन कार्यो का लोकार्पण किया उनमें मुख्य रूप से लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग द्वारा 12.92 करोड़ की लागत से 26 गांव में रेट्रोफिटिंग नल जल योजना, जल संसाधन विभाग द्वारा 14 करोड़ 36 लाख की लागत से 04 जलाशयों कुरूलू सहसपुर गाड़ाडीह गाड़ापार के जीर्णोधार नहरों के रिमॉडलिंग तथा लाईनिंग कार्य, और गोड़मर्रा-भटगांव में स्टॉप डेम कम रपटा चोरभटी-चेचनामेटा और तोरन-साजन में एनिकट कम रपटा, कुरदा खैरा में एनिकट कम काजवें, निर्माण बोरतरा और सहसपुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र और थानखम्हरिया के सामुदायिक केन्द्र में शवागार निर्माण के लिए 72 लाख रूपए, हॉई स्कूल कन्हेरा में अतिरिक्त कमरा के निर्माण के लिए 62.83 लाख शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित 37.69 करोड़ 69 लाख की लागत के पुल-पुलियों, सड़क निर्माण, स्कूल भवन निर्माण के 07 कार्यो, मंडी बोर्ड द्वारा 76 लाख की लागत से निर्मित, 04 गांवों में सीसी रोड और छत्तीसगढ़ पावर कंपनी द्वारा दरगांव और ढाप मे विद्युत उपकेन्द्र, विभिन्न गांव में 76.41 लाख रूपए की लागत से इनमें प्रोटेक्सन वॉल, योगा शेड एवं रिनोवेशन कार्य उप-स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोधार, इसी प्रकाररूपए के कार्यो का लोकापर्ण किया। मुख्यमंत्री ने जिन कार्यो का भूमिपूजन किया, उनमें मुख्य रूप से मोतेसरा मोहगांव, और बुधवारा में 02 करोड़ 26 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, गोरतरा में शासकीय उच्चतर विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 07 लाख, ढेकापुर-कापा मार्ग में पुल निर्माण के लिए 1. 60 करोड़, करही, कुटरू-सोनपुर नवकेशा में 1.22 करोड़ की लागत से मीडियम ब्रिज, थानखम्हरिया और साजा में 2.27-2.27 करोड़ की लागत से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेजी माध्यम विद्यालय, ओड़िया कोगियाकला टिपनी बिजगांव उमरावनगर में 1.10 करोड़ की लागत से व्यावसायिक परिसर में दुकान निर्माण शामिल है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने किसान महेन्द्र साहू के यहां किया भोजन ग्रहण



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आम जनता से सीधा संवाद कर ना केवल उनकी समस्याओ का निराकरण कर रहे, बल्कि छत्तीसगढ़ियां संस्कृति, खानपान और जीवनशैली को भी प्रमोट कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल भोजन ग्रहण करने विकासखंड साजा के ग्राम ठेलका में किसान महेन्द्र साहू के यहां पहुंचे। मुख्यमंत्री के घर पहुंचने पर महेन्द्र के परिवार वालों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे सहित अन्य अतिथियों ने भी भोजन किया। मुख्यमंत्री को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया भोजन और व्यंजन परोसा गया। कांसे की थाली में परोसे गए भोजन में जिमी कांदा तिवरा भाजी, लाल भाजी, घर के बारी की पटवा भाजी ,मूली भाटा, चना करेला,और सिलबटे से पीसा हुआ टमाटर की चटनी का मुख्यमंत्री ने सादगी के साथ ग्रहण किया।

## ठेलका बोरतरा में नवीन महाविद्यालय की घोषणा




ठेलका मे भेंट मुलाकात दौरान ठेलका और बोरतरा में नवीन महाविद्यालय सहित विभिन्न मांगो की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया, शाम 4:05 पर मुख्यमंत्री ठेलका में पहुंचे और छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर सामने दीप प्रज्वलित किया उपरांत अभिवादन स्वीकार किया उनके साथ कृषि मंत्री रविंद्र चौबे भी साथ में उपस्थित है छत्तीसगढ़ महतारी का पुजा के बाद राज्य गीत प्रस्तुत किया गया, कार्य म स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में माल्यार्पण किया गया, राजगीत अरपा पैरी के धार से भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा साजा विकासखंड के ग्राम ठेलका में विकास के लिए 87.77 करोड़ के 72 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 5157.07 लाख रुपये का लोकार्पण एवं 3619.94 लाख रुपये का भूमिपूजन शामिल है ग्राम ठेलका में मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व प्रदीप चौबे मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीपटेल उपस्थित थे, मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ी महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर राज्यगीत के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत की, मुख्यमंत्री ने कहा की यहाँ आपसे चर्चा करने आए हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी दोनों यहां पर साथ है। दोनों सरकार की योजनाओं को बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ग्राम ठेलका मुख्यमंत्री ने कहा की यहाँ आपसे चर्चा करने आए हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी दोनों यहां पर साथ है। दोनों सरकार की योजनाओं को बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सरकार पुरखो के सपनो को पूरा करने सर्वप्रथम किसानों के लिए काम किया, पुरखा मन के सपना था छत्तीसगढ़ बनाने का हमारा किसान समृद्ध बने, उनका विकास हो यह हमारी पहली प्राथमिकता थी। चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार ऋण माफी की घोषणा की 19 लाख किसान का 9500 हजार करोड़ का ऋण माफकिया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद किसानों की स्थिति में सुधार करने सकारात्मक कदम उठाए गए। धान का उचित मूल्य के साथ अन्य फसलों का भी समर्थन मूल्य लागू किया गया।सरकार बनते ही किसानों के कर्ज माफकिया गया। 2500 रुपए में पहले साल धान की खरीदी की गई।

# इतवारी बाजार के खुदरा व्यापारी पहले निगम आयुक्त और उसके बाद अपर कलेक्टर से लगाई फरियाद

## किसी कीमत पर जगह नहीं छोड़गे

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



संजय काम्पलेक्स स्थित डेली मार्केट को संडे मार्केट में स्थानांतरित करने निगम प्रशासन की कवायद के बीच जहां कुछ दिन पहले भाजपा पार्षद महेश कंकरवाल ने मोर्चा खोला था। वहीं अब डेली सब्जी मंडी के व्यापारी भी एकजुट होकर इसकी मुखालफत पर उतर आए हैं। ये व्यापारी किसी भी कीमत पर संडे मार्केट में सब्जी मंडी लगाने राजी नही है। इन खुदरा व्यापारियों ने निगम आयुक्त व अपर कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी मांग से अवगत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सुबह इतवारी बाजार के खुदरा व् व्यापारियों ने अपनी जगह नहीं छोड़ने के लिए मोर्चा खोल दिया। उन लोगो का कहना है की किसी भी कीमत पर जहां हम लोग सब्जी या अन्य समान बेचते है नहीं छोड़गे विदित हो की संजय कॉम्पलेक्स का करीब करोड़ की लागत से नव निर्माण किया जाना जिसको लेकर संजय मार्केट के व्यापारी को इतवारी बाजार में भेजा जा रहा है जिसको लेकर नाही सजय मार्केट के व्यापारी इतवारी बाजार जाना चाहते है और कुछ जाना चाहते भी है तो जो इतवारी बाजार में पहले से दुकान लगाते आ रहे है वह विरोध कर रहे है और किसी भी कीमत में अपना जगह देना नहीं चाहते है।

व्यापारियों का कहना है की हम लोग निगम आयुक्त के पास गए ज्ञापन दिए है अब कलेक्टर के पास ज्ञापन देने आए है इससे पहले विधायक के पास गए है किसी कार्य की वजह से रायपुर गए है वापसी के बाद हम लोग उनके पास फरियाद लेकर जाएगे लेकिन किसी भी कीमत पर हम जगह नहीं छोड़गे।

ज्ञापन में लिखा गया है की इतवारी बाजार जो शहर का इकलौता बाजार है जो राजा महाराजाओं के समय से लगते आ रहा है! जिसमें दूर-दूर से बाहर के लोग सब्जी, झौहा, टुकना, झाड़ू, फल, कपड़ा आदि सामान लेकर बाजार लगाते हैं। तो अगर संजय कॉम्प्लेक्स सब्जी मंडी इतवारी बाजार में लगाई जाएगी तो हम लोग जो साप्ताहिक बाजार लगाते हैं वह व्यापारी कहां जायेंगे।

# देलारी-सरायपाली के बीच हुई सड़क दुर्घटना, घायल दो युवकों को राईनों पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देलारी व सराईपाली के बीच सड़क दुर्घटना का शिकार हुए दो युवकों को राईनों पुलिस ने तत्काल घटना स्थल से अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। 25 दिसंबर की रात्रि करीब 12 बजे पूंजीपथरा राइनो को ग्राम देलारी-सरायपाली के बीच रोड़ एक्सीडेंट में दो व्यक्तियों के घायल होने की सूचना पर घायलों की मदद के लिए मेडिकल इंवेट मिला। तत्काल तत्समय पूंजीपथरा राइनो पर तैनात आरक्षक सुरेश कुमार मिंज और ईआरवी वाहन चालक भागीरथी यादव मौके पर पहुंचे। जहां देलारी-सरायपाली के बीच रायगढ़ इस्पात प्लांट के आगे रोड़ के किनारे दो घायल व्यक्ति और उनका क्षतिग्रस्त मोटर सायकल मिला। एक आहत के पैर तथा दूसरे के सिर में गंभीर चोटें थी। आहतों की स्थिति देखते हुए डॉयल 112 स्टाफने 108 संजीवनी वाहन को मौके पर बुलाये और उन्हें मेडिकल कॉलेज रवाना किये। आहतों के संबंध में जानकारी मिली कि आहत आकाश राठिया पिता संतोष राठिया उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी ग्राम जामबहार थाना लैलूंगा,चुन्नी लाल राठिया पिता का नाम महेंद्र सिंह राठिया उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम कटाईपाली धरमजयगढ़ दोनों रायगढ़ इस्पात प्लांट में कार्य करते हैं, ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे।

## ट्रेक्टर की चपेट में आकर व्यवसायी की मौत

**रायगढ़।** ओडिसा से बाईक पर मछली लेकर आ रहे एक व्यापारी की ट्रेक्टर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय बोईरदादर निवासी रंजीत सरकार निवासी सुभाष नगर बंगाली कालोनी मछली लेने के लिये लोईग महापल्ली मार्ग से ओडिसा की ओर गया हुआ था बताया जा रहा है कि वहां से मछली लेकर लौटने के दौरान सुबह करीब 11 बजे जब वह शकरबोगा के पहुंचा, इसी दौरान मोड पर ट्रेक्टर से भिडंत हो जाने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# जंगल में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से मची सनसनी, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सुबह मनुआपाली जामगांव के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सराईपाली क्षेत्र के मनुआपाली व जामगांव पहाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भिजवाते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि सर्व प्रथम युवक की शिनाख्त कराई जा रही है और युवक की मौत कब हुई कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## चलती मोटर साइकिल धू-धू कर जलने लगी, युवक ने बचाई अपनी जान



**रायगढ़।** जिले के सारंगढ़ मार्ग में सड़क पर चलते हुए मोटरसाइकिल में आग लगने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है, कि एक युवक अपनी मोटरसाइकिल पर सवार चंद्रपुर रोड चंद्रहासिनी मंदिर की तरफजा रहा था। साथ ही मोबाइल अपने मोबाइल फोन से बात भी कर रहा था। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर भीषण आग लग गई। आग लगने से बाइक पूरी तरह से आग के लपेटे में क्षतिग्रस्त हो गया। चंद्रहासिनी मंदिर रोड की तरफसे आता हुआ युवक बाइक में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल मोटरसाइकिल में आग लगने के दौरान युवक के जान को खतरा हो सकता था लेकिन खुशकिस्मती से युवक की जान बच गई।

# 5 फरवरी को होगा 27 वां श्री नारायणी नमो नमो भजन उत्सव कार्यक्रम

## नवनिर्मित दादी मंदिर का होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध धर्म की नगरी भाटापारा शहर में श्री नारायणी नवल धाम द्वारा आगामी 5 फरवरी 2023 को 27 वां श्री नारायणी नमो नमो भजन उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है, तथा इस अवसर पर जहां भाटापारा की पावन धरा पर नवनिर्मित रानी सती दादी जी के भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा, तो वहीं इस दौरान देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

तथा इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को आयोजन समिति द्वारा बड़ा भव्य स्वरूप देते हुए विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, तथा इस आयोजन को लेकर व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही है, एवं आयोजक दादी भक्तों ने भी समस्त धर्म प्रेमियों को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है, साथ ही आयोजक संस्था द्वारा बाहर से आने वाले आगंतुक सभी दादी भक्तों के रुकने की व्यवस्था की गई है, एव श्री नारायणी नमो नमो भजन उत्सव कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायकों में कुंवर तेजस राणा, स्वाति अग्रवाल, डाली अग्रवाल, पायल अग्रवाल, कुंदन मिश्रा, आयुष त्रिपाठी, मनोज शर्मा (मोनू) अपनी प्रस्तुति देंगे,उल्लेखित हो कि रायपुर से लगे भाटापारा शहर में भव्य रानी सती दादी जी के मंदिर का निर्माण दादी भक्तों एवं जन सहयोग से किया गया है, तथा छत्तीसगढ़ में होने वाले इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश के विभिन्न स्थानों से दादी भक्त इसमें शामिल होंगे तथा आयोजक समिति द्वारा भी इस आयोजन को भव्य रूप देने जोर शोर से तैयारियां की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सममेलन महाराष्ट्र द्वारा नानीबाई का मायरा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की महाराष्ट्र राज्य ईकाई की ओर से तीन दिवसीय ''नानीबाई का मायरा'' का मंगल शुभारम्भ आज 27 दिस्मबर की दोपहर 2 बजे विधिवत पूजा के साथ हुआ,देश के सुविख्यात भजन गायक उज्जवल खाखोलिया भक्ति की भावनात्मक प्रस्तुति देंगे और कोलकत्ता के कलाकार सजीव नाटिका पेश करेंगे,अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन महाराष्ट्र प्रांत के प्रांतीय प्रचार प्रमुख मुरारी अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री कृष्णा और नरसिंगजी की अद्भुत भक्ति की गाथा ''नानी बाई का मायरा'' है,स्थानीय वर्धमान नगर, स्माल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हरियाणा भवन के विशाल प्रांगण में 27 से 29 दिसम्बर तक रोजाना दोपहर 3 से 6 बजे तक उज्जवल खाखोलिया संगीतमय प्रस्तुति देंगे, कोलकत्ता के कलाकार विविध प्रसगों की शानदार प्रस्तुति देंगे, कथा स्थल पर सालासर बालाजी, खाटू श्याम, राणीसती दादीजी, शाकंभरी माताजी, जीणमाता का दरबार सजाया गया है,आयोजन समिति एवं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की महाराष्ट्र प्रांतीय कार्यकारिणी ने सभी नागरिकों से इस आयोजन में सपरिवार शामिल होकर प्रभु भक्ति का आनंद लेने का आग्रह किया है,कार्यक्रम का लाईव प्रसारण फेसबुक और यु ट्यूब पर किया जायेगा, तथा कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है एवं कार्यक्रम को भव्य रूप देने में भी सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

# स्व.अटल बिहारी की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता वेंकट लाल अग्रवाल के निवास स्थान पर कोटा नगर में बड़े धूमधाम से जयंती कार्यक्रम नगर के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण अंचल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए जो निम्नानुसार हैं वेंकट लाल अग्रवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी रंगना दम रंगा भैया सहकारिता प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य उत्तम जयसवाल वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन श्रीवास मंडल प्रतिनिधि शू लेस पांडे मंडल महामंत्री सत्य शील अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता अरूप मित्रा पूर्व एल्डरमैन गन्नू गुप्ता पूर्व एल्डरमैन मुरारी लाल गुप्ता व्यापारी प्रकोष्ठ संभागीय प्रभारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय अग्रवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू मंडल उपाध्यक्ष अंजना चौक से पूर्व पार्षद विवेक गुप्ता युवा भाजपा नेता आशु गुप्ता जिला मीडिया भाजपा बिलासपुर गायत्री साहू जिला महामंत्री महिला मोर्चा बिलासपुर श्याम गुप्ता भाजपा नेता राजू गुप्ता भाजपा नेता सुरेंद्र मिश्रा भाजपा नेता मुकेश गुप्ता काजू अजय अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर राजू साहू पारा ओ पारा राजू साहू पुराना बस्ती लक्ष्मी दास मानिकपुरी रूप किशोर अग्रवाल गंगिया पूर्व एल्डरमैन लखन लाल साहू पूर्व पार्षद सोनू यादव एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएं : सुरेश जायसवाल

# दमाऊधारा में हुआ आर्य वीरांगनाओं का शारीरिक एवं नैतिक शिक्षा का पांच दिवसीय विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऋषभतीर्थ दमाऊधारा में आर्य वीरांगनाओं को शारीरिक एवम नैतिक शिक्षा का 5 दिवसीय शिविर का आयोजन परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है, प्रशिक्षण में किशोरियों आत्म रक्षा के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के लिए जूडो, कुंगफू , कराटे, आसन, प्राणायाम, लाठी, चाकू, तलवार एवं नैतिक शिक्षा के निर्माण के लिए वैदिक संस्कृति, चरित्र निर्माण, देशभक्ति, समाज कल्याण के संबंध में जानकारी दी जा रही है,इसी कड़ी में सुरेश कुमार जायसवाल सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जांजगीर ने किशोरियों को आत्मसशक्त बनने के लिए उनके लिए उनके अधिकार, उनसे संबंधित बने कानून लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय अधिनियम, अनिवार्य एवम निशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम के संबध में बतलाया साथ ही साथ गुड टच बेड टच बतलाते हुए कहा कि जब भी कोई हमे टच करता है और हमे उसका स्पर्श बुरा लगता है तो हमे जोर से नही बोलकर चीखना चाहिए व वहां से भाग कर जिस पर आपकी भरोसा है उसे जाकर बतलाना चाहिए। लैंगिक शोषण को समझने के लिए अनेक उदाहरण देकर उपस्थित किशोरियों को समझाया, इस संबंध में प्रशिक्षण में उपस्थित बच्चों ने अनेक सवाल पूछा की क्या कोई जान पहचान के लोग शोषण करते है तो भी हमे आवाज उठानी चाहिए,तो श्री जायसवाल ने बतलाया की अधिकतर यौन शोषण के मामले जान पहचान के ही लोग करते है।साथ ही साथ मुसीबत में फंसे बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन 1098,देखभाल एवम संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की संरक्षण के लिए बाल कल्याण समिति के बारे में भी बतलाया। इस दौरान श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऋषभतीर्थ दमाऊ धारा के प्राचार्य कृष्णामहंत, अनुनय स्कूल के संचालक पुष्पेंद्र चंद्रा के साथ-साथ शारीरिक एवं नैतिक शिक्षा देने वाले अनेक सत्र संचालक व लगभग 150 किशोरी उपस्थित रहे।

# 25 दिन में भी नही बिछ पाई 3 सौ मीटर पाइपलाइन धूल धक्कड़ त्रस्त मोहल्ले वासियों ने आयुक्त से लगाई गुहार

## डेढ़ साल पहले ही बना था कांक्रीट रोड, अब ध्वस्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के वार्ड क्रमांक 10 मधुबन पारा में अमृत मिशन योजना अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य 2 दिसंबर 22 से चल रहा है। यह कार्य बाघ तालाब चौक से मधुबन पारा द्रोणा घर के पास चौक तक होना है। नौ दिन चले अढ़ाई कोस की कहावत को चरितार्थ करते हुए लगभग 300 मीटर का काम 25 दिन में भी संपन्न नहीं हो सका है। अमृत मिशन की पाइप लाइन बिछाने से मोहल्ले वासी धूल धक्कड़ से त्रस्त हो चुके हैं। मधुबन पारा मोहल्ला का रास्ता सकरा है ऊपर से खुदाई हो जाने के कारण गड्ढा हो चुका है, जिसके कारण जहां आवागमन की असुविधा हो रही है वही साइकल, बाइक चालक गिरकर दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे है। काफी लंबे अरसे इंतजार के बाद 2 साल पूर्व ही पक्की सड़क का निर्माण हुआ था लेकिन अमृत मिशन योजना के पाइप बिछाए जाने से यह सड़क पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है। पाइप बिछाने के लिए खोदी गई सड़क से धूल धक्कड़ घरों में प्रवेश कर रहा है, आम आदमी को भी जाने आने में काफी परेशानी हो रही है। यह शासन की योजना है और इसे पूरा कराने में नागरिकों को भी अपना योगदान देना चाहिए यह समझते हुए यहां के नागरिकों ने काफी संयम का परिचय दिया लेकिन कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति ने नागरिकों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर यह काम कब पूरा होगा यही वजह है कि मोहल्ले वासियों ने 20 दिसंबर को नगर निगम आयुक्त के नाम से ज्ञापन देकर अमृत मिशन कार्य करने वालों को दूत गति से काम पूरा करने तथा कार्य पूरा करने पश्चात निर्धारित मापदंड अनुसार पाइपलाइन के गड्ढे को शीघ्र भरने हेतु कड़ा निर्देश देने की मांग की गई थी लेकिन ज्ञापन का असर नहीं हुआ और काम पूरा नहीं हो सका।

## निर्माणाधीन मकान में चोरों का धावा

**रायगढ़।** निर्माणाधीन मकान में चोरी के बाद लिखाई गई रिपोर्ट पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की तो बुलंद हौंसले से लैस चोरों ने यहां फिर धावा बोलते हुए चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है। एक ही मकान में दो बार चोरी के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया नगर के पीएनबी बैंक के पीछे नरेंद्र अग्रवाल के निर्माणाधीन मकान के पास बीती रात फिर चोरों ने सरिया चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# समाजसेवी, उद्योगपति राजेश शर्मा का निधन

■ 26 सितंबर को हुआ निधन, 27 सितंबर को बाराद्वार में हुआ अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

बाराद्वार शहर की प्रतिष्ठित फर्म- अन्नपूर्णा होटल, अन्नपूर्णा राइस मिल, अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट के संचालक उमेश शर्मा, दिनेश शर्मा एवं महेश शर्मा के जेष्ठ भ्राता तथा जितेश शर्मा के पूज्य पिता राजेश शर्मा (उम्र-63 वर्ष) का आकस्मिक निधन दिनांक- 26 दिसंबर 2022 दिन-सोमवार को हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 27 दिसम्बर को मारवाड़ी मुक्तिधाम बाराद्वार में हुआ, अंतिम संस्कार यात्रा निवास-पूरानी धर्मशाला के पास बाराद्वार से निकली, राजेश शर्मा मृदुभाषी, मिलनसार, एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी योगदान देते थे, तथा वे दीन- दुखियों, जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहते थे, तो वहीं



उन्होंने दशकों बाराद्वार शहर में अन्नपूर्णा प्रतिष्ठान के माध्यम से पूरे क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की थी, एवं उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा पिछले कई महीनों से वे स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे एवं अस्वस्थ चल रहे थे, तथा इनका होटल, ट्रांसपोर्ट एवं परिवहन के क्षेत्र में भी एक बेहतर संचालन के रूप में अलग पहचान है,जांजगीर चांपा एवं शक्ति जिले के राइस मिलर, ट्रांसपोर्ट व्यवसाई एवं गणमान्य नागरिकों तथा राजनीतिक दलों ने भी राजेश शर्मा के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## निकली भव्य शोभयात्रा, दूसरे दिन की कथा में श्रोताओ की उमड़ी भीड़

# श्रीमद भागवत अष्टोत्तर सहस्त्र (1008) सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





सक्ती अंतर्गत बाराद्वार नगर में श्री राधा मदन मोहन मंदिर स्थापना के 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मटरू सेठ ब्रिक्स प्लांट जैजैपुर रोड बाराद्वार में भव्य और विशाल भागवत जी की शोभायात्रा के साथ आरंभ हुआ, शोभायात्रा में सर्वप्रथम ताशा बजाने वाले एवं उसके बाद क्रमशः बेनर लिए भक्त कर्मा बैण्ड 1100 ब्राम्हण हाथो में धर्म ध्वजा पताका लिए हुए थे, उनके पीछे-पीछे सौभाग्यवती स्त्रियां शीश पर मंगल कलश लिए चल रही थी, जिनके मध्य सक्ती का महशूर राजू बैण्ड धार्मिक भजनो की धून बजाते चल रहा था, मधुर मधुर धुनों पर स्त्रियां नृत्य करती, पुष्प वर्षा करती चल रही थी, ठीक इनके पीछे मथुरा का प्रसिध्द बैण्ड आनंद बैण्ड भजनो की मधुर धुन के साथ मीठी-मीठी आवाज में भजन गा रहा था जो भक्तो के भी प्रमुख आर्कषण का केन्द्र बना हुआ था। सभी महिला/ पुरूष भक्त जो भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतो व शहरों से आए हुए थे तथा छत्तीसगढ के विभिन्न शहर ग्रामों से आए सभी भक्त भी नृत्य कर रहे थे संपूर्ण बाराद्वार भक्तिमय तीर्थस्थल जैसा लग रहा था, सभी घर से भागवत जी की पोथी पर एवं पूज्य गुरूदेव गोस्वामी श्री गोविंद बाबा जी पर पुष्प वर्षा कर रहे रहे थे, साथ शोभा यात्रा में चल रहे थे, पुज्य गुरूदेव गोस्वामी गोविंद बाबा के चार पुत्र आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी, आचार्य ब्रन्दावन बिहारी गोस्वामी,आचार्य राजकुमार गोस्वामी आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी एवं पूज्य गुरूदेव के पुत्र चिरंजीव पीयुष गोस्वामी, चिरंजीव अंशुमान गोस्वामी चिरंजीव अक्षय गोस्वामी चिरंजीव नमन गोस्वामी तथा बाराद्वार के नगर वासी अपने को धन्यमान कर विशाल यज्ञ के बाराद्वार में आयोजित होने पर शोभा यात्रा मोदी चौक से नेहरू चौक होते हुए मुख्य मार्ग से बस स्टैण्ड वहां से आइस फैक्ट्री मार्ग से होते हुए अग्रसेन मार्ग से मोदी चौक होते हुए पुनः नेहरू चौक होते हुए जैजैपुर चौक से कथा स्थल मटरू सेठ ब्रिक्स प्लांट परिसर में पहुंची, जहां सभी बाराद्वार वासी भागवत यजमानो एवं विभिन्न शहर ग्राम/ प्रांतो से आए भागवत कथा के यजमानो ने अपने नाम गोत्र से अपनी-अपनी मनोकामना की पूर्ती के लिए संकल्प दिया,एवम बाम्हण पूजन किया गया तथा भागवत जी की आरती के साथ कथा आरंभ हुई। जहां सुंदर भव्य व्यासपीठ को ब्रज के अंर्तगत कुसुम सरोवर की आकृति के रूप में सजाया गया के मध्य ब्यास गद्दी पर विराजमान पुज्य गुरूदेव गोस्वामी गोंविंद बाबा (भागवत मर्मज्ञ) द्वारा अपनी रसमयी वाणी में संगीतबध्द रूप से मंगला चरण करते हुए भागवत जी का महात्मय वर्णन किया एवं पुज्य गुरूदेव द्वारा भागवत कथा को प्रेत पीडा का निवारण करने पाली एवं करोड़ो जन्मो के सूर्य उदय होने पर श्रवण करने का अवसर प्रदान करने वाली है जो साक्षात ज्ञान वैराग एवं भक्ती त्रिवेणी हो जिसमें भागवत कथा रूपी गंगा में स्नान कर जीव अपने जाने अनजाने के पापो का प्रश्चित कर भगवान की भक्ती को प्राप्त कर लेता है,गोस्वामी गोविंद बाबा ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण करने से ह्रदय में भगवान की अनुभुति होने लगती हैं। यही प्राणी मात्र का जन्मो उपरांत का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए कि वह भागवत ज्ञान को प्राप्त कर अपनी जीवन को कृतार्थ करे,प्रथम दिवस की कथा अंर्तगत भक्ती नारद संवाद,नारद सनकारिक संवाद, अंतर्गत भागवत को सदा सेवन करने योग्य महिमा का वर्णन करते हुए पुज्य गुरूदेव द्वारा सूतस्वर्णक संवाद की कथा के साथ बिदुर संवाद, भगवान की बाल लीलाओ की कथा, परम धाम गमन की कथा, उध्दव द्वारा बिदूर को वर्णन, बिदूर जी का नैमी सारण में मैत्री मूनी से दिव्यज्ञान प्राप्त करना, भागवान के नमी कमल से ब्रम्हा की उत्तपत्ती, भागवान की इच्छा से ब्रम्हा जी द्वारा श्रष्टि ब्रधिका प्रयत्न करना तथा भगवान का ब्रम्हा जी को दर्शन देना एवं संपूर्ण भागवत का ज्ञान चार श्लोक में प्रदान करना, चतुष श्लोकी भागवत के ज्ञान से ब्रम्हा द्वारा सृष्टि की वृध्दि करना,अपनी अंगो से भ्रगु मरीज वशिष्ट आदि की उत्पत्ति करने का वर्णन किया गया, साथ ही भागवान के विराट स्वरूप में संपूर्ण जगत का व्याप्त होने का प्रसंग भी बड़े भाव पूर्ण रूप से वर्णन किया गया,व्यास गद्दी से परम पुज्य गुरूदेव गोस्वामी गोविंद बाबा जी द्वारा भगवत कथा रसपान कराते हुए बीच-बीच में सुमधुर संगीत के साथ भगवान का भजन गाकर उपस्थित भक्त जनों को मत्रमुक्ध कर नृत्य करने के विवश कर दिया सभी जय-जय का उदघोष कर रही थी।

वही व्यासपीठ से पूज्य गुरूदेव आगे का प्रसंग

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हिस्सा होना गौरवपूर्ण है

# राष्ट्रीय सेवा योजना हममें गर्व, गौरव और सेवा की भावना जागृत करता है : डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com




समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा जागृत करने की भावना के साथ फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर बी चीप/ पतेरापाली की ओर से आयोजित हो रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक व नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.सम्पत अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी एवं संस्थान प्रमुखों के द्वारा फुलमाला एवं मोमेंटो से भव्य स्वागत सम्मान किया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि शिविर का हिस्सा होना गौरवपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना हममें गर्व, गौरव और सेवा की भावना जागृत करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इसके द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ देश के प्रति सेवा एवं सामाजिक सहयोग की भावना का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बिशीकेशन साव ने सेवायोजकों के साथ व्यतीत किये समय को बहुमुल्य बताया।

सेवा योजना के सदस्यों ने अपने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर बी चीप के छात्र छात्राओं ने गीत व रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सांकरा मंडल सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, प्राचार्य तारेंद्र कुमार साहू, सतनामी समाज प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र बोरें, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बीसीकेसन साव, अरुण किशोर दास, ललित साहू, हेमराज प्रधान, साहेब लाल साहू, गायत्री प्रधान, जप सदस्य सोहन पटेल,सेक्टर प्रभारी किरण पटेल, सह प्रभारी किशोर कानूनगो, रोहित साहू, जतिराम भोई,तरुण पटेल, विष्णु चरण पटेल, चन्द्रमणी साहू,राजेश विशाल, हलधर साहू, विजय बारिक, हृदय पटेल, अशोक कानूनगो, रघुनाथ, हेमंत पटेल, मेहंत सिदार, नीलमणी साहू, कलपराम, डोलामणी पटेल, गोकुलानंद, कैलाश चंद्र पटेल, तिलक राम पटेल, केसी लाल साहू, बालेश्वर साहू ,सत्यानंद पटेल, अनंत कुमार ,छात्र छात्राएं सहित ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से पेंशन, राशन, बिजली पानी संबंधी समस्या का किया जाएगा निराकरणः कलेक्टर

### अग्नि वीर भर्ती रैली के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश

- कुपोषण को दूर करने के अब बुधवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण किया जाएगा अण्डा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये उन्होंने निराकृत आवेदनो की जानकारी संबंधित हितग्राहियों को देने के लिए कहा हैं। उन्होंने बैठक में बताया कि जिले के विभिन्न विकासखण्डों में चिन्हांकित 27 हाट-बाजारों में स्वास्थ्य कुटीर बनाने के लिए स्वीकृति दे दी गई है। अब डॉक्टरों को वहाँ बैठकर इलाज करने में आसानी होगी, साथ ही वर्षा, पानी, धूप से भी बचाव होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस विभाग के अन्तर्गत् हमर बेटी हमर मान के तहत् अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जा रही है। संबंधित अधिकारी अपने विकासखण्ड के स्कूल, कॉलेज और महिलाओं को जागरूक करके गूगल प्ले स्टोर में जाकर अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करवाने के लिए कहा है, ताकि लड़कियॉ और महिलाए अपनी शिकायत, समस्या ऐप के माध्यम से दर्ज करा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम और जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकरीयों की उपस्थित थें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी विकासखण्डों में अग्नि वीर भर्ती रैली के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए कहा है। ताकि अधिक से अधिक युवा चयनित हो सके। उन्होंने विकासखण्डों में युवाओं को चयन करके 10-10 दिवस का क्रेशकोर्स करवाने के लिए भी कहा है। उन्होंने बताया कि अब सभी गांवों में ग्रामीण सचिवालय शुरू किया जाएगा और लोगों की पेंशन, राशन, विद्युत, आय, जाति, निवासी एवं अन्य छोटी-मोटी समस्याओं को गांव स्तर पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि लोगों को शहर तक आने की आवश्यता न पड़े। कुपोषण को दूर करने के लिए अब बुधवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में अण्डा वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग हितग्राहियों के लिए ट्रायसाईकल, श्रवण यंत्र, वैशाखी एवं अन्य जरूरत की सामग्री मांग करने के लिए कहा गया है।

# देश के विकास में उद्यमी बेहद महत्वपूर्ण, छत्तीसगढ़ की अनोखी भौगोलिक स्थिति का सर्वोत्तम लाभ लें, रोजगार पैदा करने नए रास्ते खोजः चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




वर्ष 2023 के लिए यंग इंडियन्स रायपुर चैप्टर की कमान आलोक अग्रवाल और अनुजा शुक्ला को यंग इंडियन्स रायपुर चैप्टर ने रायपुर में अपनी वार्षिक बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी ने वर्ष 2022 में आदित्य मुंदड़ा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बधाई दी और वायआई रायपुर के चैप्टर चेयर आलोक अग्रवाल और को-चेयर अनुजा भंडारी को 2023 के उनके भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि चौधरी ने 'इंडिया एट 2030: सेलिब्रेटिंग एंटर प्रेन्योरशिप' पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत के विकास के लिए उद्यमियों को महत्वपूर्ण, और सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों में से एक के रूप में जोर दिया। उन्होंने रायपुर चैप्टर के युवा सदस्यों को छत्तीसगढ़ की अनोखी भौगोलिक स्तिथि का सर्वोत्तम लाभलेने और रोजगार पैदा करने के नए रास्ते खोजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सतत विकास के लिए हरित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर विशेष ज़ोर दिया। उन्होंने तथ्यों के साथ समझाया कि कैसे युवा जनसांख्यिकी हमारे भविष्य के लिए वरदान हो सकती है। चेयर आलोक अग्रवाल ने अपने निवर्तमान अध्यक्षों और विशेष रूप से आदित्य मुंदड़ाको शानदार और प्रभावी वर्ष 2022 के लिए शुभकामनायों के साथ-साथ भविष्य की राह दिखाने हेतु धन्यवाद दिया। गर्मजोशी और नयी उमंग लिए अग्रवाल ने वायआई रायपुर के लिए 2022 की थीम 'बोल्ड - बॉन्ड, ओपन, लर्न एंड डैज़ल'को साझा किया। को-चेयर अनुजा शुक्ला ने समाज और राष्ट्र के प्रति इस महान जिम्मेदारी के लिए उनके चुने जाने के लिए निवर्तमान अध्यक्षों को धन्यवाद दिया। निवर्तमान अध्यक्ष आदित्य मुंदड़ा ने वर्ष 2022 में वायआई रायपुर चैप्टर द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। सीआईआई वायआई युवा उत्सव उद्यमशीलता की मानसिकता के निर्माण के लिए, मियावाकी वन का विकास, ग्रामीण परियोजनाओं को बढ़ावा देना - जैसे स्मार्ट कक्षाएं विकसित करना, स्व-सहायता समूहों और स्वास्थ्य शिविरों को रोजगार का अवसर प्रदान करना, यातायात पुलिस विभाग रायपुर के साथ सुनो रायपुर सड़क सुरक्षा, बच्चों के संवेदीकरण के लिए छोटा कॉप सत्र, उनमें उद्यमशीलता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए थालीर वर्टिकल्स गतिविधियाँ, बाल यौन शोषण के खिलाफ बच्चों को संवेदनशील बनाने पर प्रोजेक्ट मासूम इत्यादि शामिल रहीं। इस सेवपूर्ण वर्ष के दौरान मिशन ब्लैकबोर्ड के तहत रूरल इनिशिएटिव वर्टिकल टीम ने रायपुर शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 40 स्कूलों में लगभग 1022 ब्लैक बोर्ड को फिर से रंगा और नवीनीकृत किया। तरंग खुराना -वायआई नेशनल वाइस-चेयर डेजिनेट 2023 ने सभा को संबोधित किया।

# छत्तीसगढ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण संशोधन अधिनियम प्रभावशील

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




आवासीय एवं गैर आवासीय अनधिकृत निर्माण के नियमितिकरण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य शासन के द्वारा प्रदेश में 14 जुलाई से छग अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 एवं नियम 2022 प्रभावशील किया गया है। जिसमें 14 जुलाई तक अस्तित्व में आये आवासीय एवं गैर आवासीय तथा भूमि उपयोग का परिवर्तन कर किये गये, अनाधिकृत निर्माण का नियमितिकरण किया जाना है। प्रकरण के निराकरण हेतु जिला नियमितिकरण प्राधिकारी का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर गरियाबंद को अध्यक्ष एवं सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, संबंधित नगरीय निकाय, जिनके क्षेत्र का प्रकरण होगा या आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, संबंधित विकास प्राधिकरण, जिनके क्षेत्र का होगा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के प्रभारी अधिकारी को सदस्य सचिव नियुक्ति किया गया है। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 के संबंध में राजिम निवेश क्षेत्रांतर्गत राजिम नगर पंचायत में निवेश क्षेत्र अंतर्गत समस्त जन प्रतिनिधि तथा गरियाबंद निवेश क्षेत्र व छूरा निवेश क्षेत्रान्तर्गत गरियाबंद नगर पालिका में उपरोक्त निवेश क्षेत्र के समस्त जन प्रतिनिधि के समक्ष बैठक आयोजित की गई है साथ ही उस क्षेत्र के समस्त आर्किटेक्ट एवं इंजीनियरों को भी कलेक्टर की उपस्थिति में नियमितिकरण अधिनियम एवं नियम के संबंध में अवगत कराया गया है।

# देशभर की छात्राओं के लिए विनी सन स्कॉलरशिप 2022 के आवेदन शुरू

- मेडिसिन, इंजीनियरिंग, नर्सिंग और फार्मेसी की 50 प्रतिभाशाली अंडरग्रेजुएट छात्राओं को अखिल भारतीय छात्रवृत्ति के माध्यम से दी जाएगी वित्तीय मदद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोटस पेटल फाउंडेशन ने विनी सन स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए देशभर से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह छात्रवृत्ति निम्न आय वाले परिवारों की प्रतिभावान छात्राओं को मेडिसिन, इंजीनियरिंग, नर्सिंग और फार्मेसी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा पाने में मदद करेगी। आवेदन की अंतिम तारीख 15 जनवरी, 2023 है। वेबसाइट जाकर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। कंसेंट्रिक्स दक्ष सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर गुरुग्राम का एनजीओ लोटस पेटल फाउंडेशन प्रतिभावान छात्राओं को यह वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता उन परिवार की प्रतिभावान छात्राओं को दी जाती है, जिनकी सालाना पारिवारिक आय 5 लाख रुपये से कम है। इसके तहत मेडिसिन (एमबीबीएस/ बीडीएस), इंजीनियरिंग, नर्सिंगऔर फार्मेसी के क्षेत्र में अंडरग्रेजुएट डिग्री के लिए किसी केंद्रीय या राज्य बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी या निजी कॉलेज में प्रवेश पानी वाली छात्राओं को 65,000 रुपये सालाना (कोर्स फीस, रहने का खर्च, आने-जाने का खर्च) तक की राशि दी जाएगी। पिछले साल देशभर से 1200 आवेदन मिले थे, जिनमें से 10 राज्यों की 25 प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया था। इन छात्राओं ने आईआईटी दिल्ली, आईआईटी खड़गपुर, एनआईटी दिल्ली, एनआईटी श्रीनगर, जोरहाट मेडिकल कॉलेज असम जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों में अपनी सीट पक्की की थी। लोटस पेटल फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं सीटीओ सलोनी भारद्वाज ने कहा, 'भारत में 6 से 14 साल के आयु वर्ग में 4 में से 3 बच्चे महंगी निजी शिक्षा और परिवार की मदद के लिए पढ़ाई छोड़ देते हैं।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 31 को

**रायपुर।** अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री संग्राम सेनानी पं. रविशंकर शुक्ल के पुण्यतिथि 31 दिसंबर शनिवार को प्रदेश के समस्त जिला, शहर, नगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाया जायेगा।

इस अवसर पर जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में पं. रविशंकर शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये सम्मानपूर्वक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा। साथ ही गोष्ठी एवं परिचर्चा का भी आयोजन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में मोर्चा संगठनों सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई) शामिल होंगे।

# पंकज शर्मा, प्रमोद दुबे भाटापारा नगर पालिका के पर्यवेक्षक बनाये गये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद, भाटापारा में अध्यक्ष पद के अविश्वास प्रस्ताव के लिये प्रमोद दुबे, सभापति-नगर पालिका निगम, रायपुर एवं पंकज शर्मा अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, रायपुर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है। पर्यवेक्षक द्वय को कहा गया है कि वे निर्धारित तिथि 28 दिसंबर को भाटापारा पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पार्टी संगठन के निर्वाचित पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर अविश्वास प्रस्ताव के विरूद्ध मतदान कराकर सफल बनाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें।

# जिला गौरेला पेन्ड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



लंबे इंतजार के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेन्ड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है जो कि निम्नानुसार है जिला उपाध्यक्ष डॉ शिवप्रताप राय, कुबेर सर्राठी, दिलीप यादव, उपेंद्र बहादुर, गीता गुप्ता, नीरज जैन, जिला महामंत्री लालजी यादव, राकेश चतुर्वेदी जिला कोषाध्यक्ष मुकेश दुबे, सह कोषाध्यक्ष रितेश फरमानिया, जिला मंत्री भगवानिया बाई, दिनेश मरावी, लीलाबाई मरावी, राकेश दीक्षित, उमा पड़वार, दयाचंद पोर्ते कार्यालय मंत्री हुकुमचंद यादव कार्यालय मंत्री पारसनाथ चौधरी, जिला प्रवक्ता श्रीकांत चतुर्वेदी मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी तापस शर्मा स्थाई आमंत्रित सदस्य अरुण साव, स्वामी आत्मानंद , रामदयाल उइके, विष्णु अग्रवाल, कल्लू सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, काशीराम साहू, गंभीर सिंह।वहीं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष समीरा पैकरा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह नहरेल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रणव कुमार मरपच्ची, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अनिल अहिरवार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह धीरज।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर रैली व सेमीनार का आयोजन आज

**रायपुर।** 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 138 वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हम समस्त कांग्रेसजन 28 दिसंबर बुधवार को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनायेंगे। कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ- साथ एक विचारधारा है। देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर, ब्लाक मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला, ब्लाक मुख्यालयों में कांग्रेस का इतिहास विचारधारा, अतीत एवं वर्तमान की उपलब्धियां, भविष्य की दृष्टि आदि विषयों पर गोष्ठियां एवं परिसंवाद कार्यक्रम कर रैली व सेमीनार का भी आयोजन किया जायेगा। पार्टी के इस कार्यक्रम में मोर्चा संगठनों (सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई) शामिल होंगे।

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सुकमा वन मण्डल, सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

### // ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन- सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित **ईमारती काष्ठ नीलाम** दिनांक 04/01/2023 समय प्रातः 10.00 बजे सुकमा काष्ठागार नीलाम हॉल में किया जावेगा।

अतः इच्छुक व्यापारियों दिवसों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगावें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपये, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य है। वर्ष 2022 का पंजीयन एवं फर्म का पेन नम्बर एवं **जी.एस.टी. नम्बर** की प्रति जमा करें।

**सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 48.206 | 24 | 12 | 48.552 | 0 | 42 | 96.758 | 24 | 54 |
| बीजा | 4.047 | 0 | 0 | 0.410 | 0 | 0 | 4.457 | 0 | 0 |
| साजा | 2.672 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2.672 | 3 | 0 |
| शिशम | 0.573 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.573 | 0 | 0 |
| धावाड़ा | 2.300 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2.300 | 7 | 0 |
| अन्य | 8.156 | 17 | 0 | 6.737 | 0 | 0 | 14.893 | 17 | 0 |
| **योग** | **65.954** | **51** | **12** | **55.699** | **0** | **0** | **121.653** | **51** | **54** |

G-97063/6

वन मण्डलाधिकारी
सुकमा वन मण्डल, सुकमा

## न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, रायपुर

**नोटिस**

क्रमांक / 350/ ब-121/21-22/353 रायपुर, दिनांक 08 दिसम्बर, 2022

प्रति,

1. संतु गुप्ता व जोगेंदर गुप्ता
2. श्रीमती रेनू गुप्ता पति संतु गुप्ता
3. राजू शाह पिता श्री भगवन शाह

निवासी वार्ड नं. 21 कैलाश नगर वीरगांव जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी आवास फायनेंसर्स लिमिटेड प्रधान कार्यालय मानसरोवर इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर की ओर से अरण्य राव अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र के द्वारा आपको 13,00,000.00 रूपये का ऋण दिया गया था, और रेनू गुप्ता के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। किन्तु आप ऋण की अदायगी नही कर रहे है। जिसके कारण आपको बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 11,79,284.00 अदा करे, अन्यथा आपके द्वारा रखी गई बंधक संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आवास फायनेंसर्स लिमिटेड प्रधान कार्यालय मानसरोवर इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर से 13,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा उरकुरा वार्ड कं. 18 प.ह.नं. 108/40 रायपुर स्थित ख.नं. 111/43 रकबा 900 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के पक्ष में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09.01.2023 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी
रायपुर (म०प्र०)

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117096775, शैलेन्द्र कुमार सोनी ( ऋणी ), राजेन्द्र कुमार सोनी ( सहऋणी ), प्यारे लाल सोनी ( सहऋणी ) | 07-अक्टूबर-22 ₹ 11,54,985/- ग्यारह लाख चौवन हजार नौ सौ पिच्यासी रूपये मात्र 06-अक्टूबर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित तालुका नगर निगम सीमा के बाहर खसरा नं. 3024 भाग, लक्ष्मीनारायण मंदिर के भाग के पास, वार्ड जांजगीर चम्पा, बलोदा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 108.5 वर्गगज | 23-दिसम्बर-22 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122066655, विशश्वर साहू ( ऋणी ), वंदना साहू ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 ₹ 5,19,441/- पांच लाख उन्नीस हजार चार सौ इकतालीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम खसरा नं. 1076 चरमा कांकेर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 120.8 वर्गगज | 23-दिसम्बर-22 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128543806, विरेन्द्र सागरवंशी ( ऋणी ), उर्वशी सागरवंशी ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 ₹ 17,27,831/- सत्रह लाख सत्ताईस हजार आठ सौ इकत्तीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम धमतरी 80 गौली चौक लाल बगीचा धमतरी छत्तीसगढ क्षेत्रफल 218.77 वर्गगज | 23-दिसम्बर-22 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060113637706, समे लाल यादव ( ऋणी ), विमला बाईयादव ( सहऋणी ), अश्वनी यादव ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 ₹ 3,01,599/- तीन लाख एक हजार पांच सौ निन्यानवे रूपये मात्र 10-अक्टूबर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत 17 मध्यम बिलासपुर तखतपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 7453 वर्ग फीट | 22-दिसम्बर-22 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123942655, साई ट्रेडिंग ( ऋणी ), दमन लाल धनखर ( सहऋणी ), अंकलहीन धनखर ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 ₹ 20,37,502/- बीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ दो रूपये मात्र 10-अक्टूबर-22 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 890/1 मुजगहान दुर्ग बलोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 232.42 वर्गगज | 22-दिसम्बर-22 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक **"एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 27-12-2022**
**स्थान: छत्तीसगढ**


**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# आदिवासी बच्चों की डिजिटल शिक्षा की आड़ में लाखों की सेंध, जिम्मेदार खामोश

## स्मार्ट क्लासेस की खरीदी में लाखों का भ्रष्टाचार,डिजीटलसेटअप की कई सामग्री पहुंची ही नहीं, अधीक्षकों को अधूरी जानकारी देकर प्रमाण पत्र में दस्तखत लिए गए

विक्रम बाजपेयी ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर एक्सक्लूसिव



यह पुरानी तस्वीर मानपुर स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास की है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में आदिवासी छात्रों की डिजिटल शिक्षा की आड़ में लाखों के स्कैम का मामला सामने आया है। आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग ने स्मार्ट क्लासेस तैयार करने के लिए डीएमएफ मद से तकरीबन 44 लाख खर्च किए जिसमें लाखों का गोलमाल किया गया है। जो सेटअप छात्रावास-आश्रमों तक पहुंचना था, वो पहुंचा ही नहीं। डीएमफ मद से आदिवासी छात्रावास, आश्रम में स्मार्ट क्लासेस के लिए खरीद की आड़ में आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग ने लाखों का खेल कर दिया है। यह खरीदी वर्ष 2021 में की गई थी। इस मामले पर विभागीय अधिकारी कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। जो गड़बड़ियां सामने आई है उसके मुताबिक प्रत्येक सेटअप में 50 हजार रुपए का चुना लगाया गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के 20 आश्रम-छात्रावासों में स्मार्ट क्लासेस रुम की स्थापना के लिए स्वीकृत सेटअप से कम सामग्री यहां पहुंचाई गई। अधिकारियों और सप्लायर ने आपसी सांठगांठ कर इसमें शासन को लाखों का चुनालगाया है। इसका खुलासा अब जाकर हो रहा है।

कुल 2 लाख 20 हजार के एक सेटअप में कई सामग्री आश्रमों-छात्रावासों तक अब तक नहीं पहुंची। चूंकि यहां पदस्थ अधीक्षकों को पूरे सेटअप की जानकारी नहीं दी गई थी उन्हें अधूरी जानकारी देकर प्रमाण पत्र में दस्तखत करवा लिए गए। अब जब इससे जुड़े सवाल विभाग से किए जा रहे हैं तो अधिकारी इसे लगातार टालने की कोशिश कर रहे हैं।

### 20 सेंटर के लिए मिली थी स्वीकृति

अविभाजित राजनांदगांव जिले में आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभागके 20 छात्रावास-आश्रमों में ई-शिक्षा व्यवस्था के तहत वर्ष 2021-22 में डिजीटल क्लास रुम की स्थापना हेतु विभाग ने जिला खनिज संस्थान न्यास को कोटेशन भेजा था। इसमें पूरे सेटअप के लए 2 लाख 20 हजार की दर से 44 लाख रुपए की खरीदारी बताई गई।

### बगैर जांचे कर दिया पूरा भुगतान

इस सेटअप में शामिल कई समान सेंटरों तक पहुंचे ही नहीं और इसका पूरा भुगतान विभाग ने कर दिया।कई छात्रावास, आश्रम के अधीक्षकों ने इसकी पुष्टि भी की है। प्रत्येक सेटअप में लगभग 50 हजार रुपए की गड़बड़ी की गई है। इस लिहाज से डीएमएफ मद से डिजीटल क्लास की खरीदारी की आड़ में तकरीबन 10 लाख रुपए की गड़बड़ी की गई है।

### पढ़ाई भी नहीं हो रही

ई-शिक्षा व्यवस्था की दुहाई देकर डिजीटल स्मार्ट क्लास तैयार करने पर लाखों का खर्च महज दिखावा साबित हुआ है। अधिकतर केंद्रों में प्रोजेक्टर और मशीनें धूल खा रहीं हैं। कई जगहों पर यह बच्चों के ही भरोसे है और वे खुद ही इसे संचालित करते हैं। अधीक्षकों की भूमिका इसमें शुन्य ही है। उस पर अधूरे सेटअप के कारण के भी कई दिक्कतें सामने आ रहीं हैं।

### रखरखाव में लापरवाही

कई छात्रावास और आश्रमों में स्मार्ट क्लासेस के डिजीटल सेटअप खराब हो चुके हैं टूट गए हैं। इसके रखरखाव में भारी लापरवाही बरती गई है। इसका इस्तेमाल नहीं के बराकर ही किया गया है। कई केंद्रों में तो जो अधूरा सेटअप पहुंचा था उसमें से भी कई वस्तुएं गायब होने की शिकायत हैं। यह पूरी योजना महज गोलमाल किए जाने के लिए ही अमल में लाई गई।

# कब्जा हटाने की मुहिम का विरोध, व्यवस्थापन मांग रहे परिवार

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम की प्रधानमंत्री आवासों से कब्जा हटाने की मुहिम शुरु करने से पहले ही प्रभावित परिवारों ने विरोध शुरु कर दिया है। कब्जाधारी बगैर व्यवस्थापन के हटाए जाने का विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर मंगलवार को लखोली से रैली निकालकर जिला कार्यालय के सामने धरना दिया गया। इसमें बहुतायत में महिलाएं शामिल रहीं। जिला कार्यालय के सामने अलग-अलग परिवार के लोगों ने नारेबाजी की। प्रधानमंत्री आवास में अनाधिकृत तौर पर कब्जा करने की शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई शुरू करने के लिए एक मुहिम शुरू करने का फैसला किया है। इसी के विरोध में आज लखोली से पैदल रैली निकालकर वंचित परिवारों ने जमकर नारेबाजी की। निगम प्रशासन ने बुधवार 28 दिसंबर को कब्जाधारियों को हटाने के लिए अल्टीमेटम दिया है। इसी के विरोध में पीएम आवास की मांग कर रहे परिवारों ने मासूम बच्चों के साथ प्रदर्शन किया। स्थानीय कलेक्टोरेट परिसर के सामने पीएम आवास उपलब्ध कराने की मांग करते कब्जा हटाने अभियान को रद्द करने की मांग की। पीड़ित परिवारों ने सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। निगम प्रशासन का आरोप है कि परिवारों पर कब्जा करने के कारण कार्रवाई करने की तैयारी की है। कई दफे बेवजह कब्जा करने वालों को तत्काल आवास छोड़ने का निर्देश भी दिया गया है। इससे पहले आज सुबह रैली निकालकर वंचित परिवारों ने अपना कड़ा विरोध जताया है। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन और सरकार विरोधी नारे लगाए गए।

# 9 साल की वेदिका लगाएगी राष्ट्रीय स्पर्धा में निशाना

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा अंडर-14 एवं मिनी अंडर-9 राज्य स्तरीय तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन 25 दिसंबर को आउटडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब रायपुर में किया गया। जिसमें राजनांदगांव तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षण मैदान में अभ्यास कर रही वेदिका नेताम ने मिनी अंडर-9 स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त का कांस्य पदक जीता। राजनांदगांव तीरंदाजी संघ के एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि महज 9 वर्ष की वेदिका नेताम ग्राम हल्दी से प्रतिदिन अपनी माता के साथ तीरंदाजी खेल मैदान आकर मात्र एक वर्ष के अभ्यास से ही कामयाबी हासिल करना शुरू कर दी है। वेदिका नियमित अभ्यास करते हुए तीरंदाजी के बारीकियों को सीख रही है। कोच श्री साहू ने बताया कि वेदिका बहुत ही कम समय में एक अच्छे तीरंदाजी खिलाड़ी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, जिसे देखते भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। आगामी 7 से 16 जनवरी 2023 को 5वीं एनटीपीसी चेरूकुरी लेनिन वोल्गा स्मृति किड्स (अंडर-9) राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश में आयोजित है। उक्त स्पर्धा में भाग लेने छत्तीसगढ़ टीम के लिए वेदिका नेताम चयनित हुई है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों सहित राजनांदगांव तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी है।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा कृषि अनुसंधान व ज्ञान प्रबंधन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से किसान सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डोंगरगाव विधायक व छग राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू थे। कार्यक्रम मे इंडियन पोटाश लिमिटेड के सेल्स आफिसर ओपी गिरी, कृषि अनुसंधान व ज्ञान प्रबंधन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के डायरेक्टरगण नरबद वर्मा, फकीरा साहू, चतुर्भुज अग्रवाल, लक्ष्मण पाल, अनिल राठिया, पन्नालाल जैन, दादूराम सोनकर, युवक वर्मा, संतोष देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, बतौर विशेष अतिथि मंचस्थ थे।

इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि किसानो को नई सोच के साथ आधुनिक तकनीकी को समझने का प्रयास करना चाहिए ताकि किसान भी बाजार व मांग अनुरूप लाभ की खेती कर सके।

इंडियन पोटाश लिमिटेड के सेल्स आफिसर ने किसानो फर्टिलाइजर के बैलेंसिंग उपयोग उसके फायदे व नुकसान से अवगत कराया। इस अवसर पर इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा विधायक दलेश्वर साहू का अभिनंदन किया। 10 चयनित किसानो को भी पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम मे रामेश्वर मंडावी, हेमसिंग साहू, हेमलाल वर्मा, पोषण वर्मा, सोन सिंह साहू, बिजेलाल साहू, श्री वरू, प्रदीप सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, परमानंद देवांगन, आदि सहित बड़ी संख्या मे किसान सम्मलित हुए। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ साहू ने तथा आभार प्रदर्शन लक्ष्मण पाल ने किया।

# स्वतंत्रता संग्राम का शंखनाद करने वाले गैंदसिंह का बलिदान अविस्मरणीय है : विधायक छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुए। विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू इन कार्यक्रमों में अतिथि बतौर शामिल हुईं। उन्होंने इन आयोजनों के दौरान शहीद श्री गैंदसिंह जी को सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। शक्ति दिवस के अवसर पर ग्राम बरबसपुर, परेवाडीह और बड़गांव में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। यहां अतिथि के रुप में पहुंची विधायक छन्नी साहू का ग्रामीणों ने स्वागत कर अभिनंदन किया। अलग-अलग इन कार्यक्रमों में विधायक श्रीमती साहू ने घोषणाएं भी की और निर्माण कार्यों का लोकर्पण भी किया। इस दौरान विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि, अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम शंखनाद करने वाले परलकोट के जमींदार का बलिदान अनूठा और अविस्मरणीय है। जल-जंगल और जमीन का हक मांगने वाले बस्तरवासी आज भी उनका स्मरण कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने आयोजनों के लिए सामाजिकजनों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, अपनी सांस्कृतिक परंपरा को सहेजा जाना आवश्यक है जिसमें आदिवासी समुदाय सदैव ही सक्रिय और समर्पित रहा है। इन आयोजनों में किसान नेता चंदू साहू,कांग्रेस कार्यकर्ता प्रताप धावडे, महेंद्र साहू , श्रीमती विभूति साहू , सरपंच रोहित नेताम, पूर्व सरपंच डेविड नायक, रामदीन रावटे, रामदास मलिया, लक्ष्मीचंद सांखला, भागीराम रावटे, परेवाडीह सरपंच श्रीमती सेल बाई,विजय लाल, तीरथ लाल गोटा, गौतम चुरेंद्र, सरपंच बरबसपुर रुपेश, मनसुखलाल सहित समस्त ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

**विकास कार्यों की मिली सौगात-** विधानसभा क्षेत्र में शक्ति दिवस के आयोजनों के बीच विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए ग्राम बरबसपुर में हल्बा समाज के भवन के लिए 4 लाख की घोषणा की। इसी तरह ग्राम परेवाडीह में 5 लाख के सामुदायिक भवन का विधायक के हाथों हुआ।

# काट दिए 438 बिजली कनेक्शन, 1147 से वसुले 89 लाख

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव शहर में गैर घरेलू,औद्योगिक एवं घरेलु विद्युत कनेक्शनों के बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए सक्त अभियान चलाया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, बोरी उपसंभाग, सोमनी उपसंभाग एवं ग्रामीण उपसंभाग में मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा ऐसे 1147 बकायेदार उपभोक्ताओं से 89 लाख 76 हजार रूपए की राशि की वसूली की गई। समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 438 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं।

गौरतलब है कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं को फोन एवं एसएमएस के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए आग्रह भी कर रहे हैं।

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक कुमार दुबे ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं पर की जा रही कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। शासकीय विभागों में विद्यमान विद्युत कनेक्शनों के बकाया राशि के भुगतान हेतु एकमुश्त राशि समायोजन एवं विभागवार भुगतान प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में गैर घरेलू एवं औद्योगिक कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ-साथ घरेलू श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसुली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में राजनांदगांव शहर के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, बोरी उपसंभाग, सोमनी उपसंभाग एवं ग्रामीण उपसंभाग के 438 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 1 करोड़ 20 लाख रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं।

# अवैध शराब से नगर सहित गांवों का माहौल हो रहा है खराब, कार्रवाई न होने से हौसले बुलंद

पायनियर संवाददाता ➤ छुईखदान
www.dailypioneer.com



नगर सहित ग्रामीण इलाकोंमें शराब माफिया लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। छुईखदान नगर में तो खुलेआम शराब बिकते आसानी से देखा जा सकता है। गली-गली में शराब बेची जा रही है। कुछ सार्वजनिक स्थानों में तो महिलाएं भी यह कार्य कर रही हैं। पाल मोहल्ला, कनक नगर, कडरा पारा, बिजली ऑफिस के पास भाटापारा, श्यामपुर में सुबह से ही शराबियो का जमघट लग रहा है।

यहां अवैध शराब के कारोबारी 80 रूपये की शराब 120-150 रुपए में बेच रहे हैं। वही 120 रूपये की अंग्रेजी शराब 200 रुपए में बिक रही है। खुलेआम चल रहे इस व्यवसाय की शिकायतों पर भी पुलिस और आबकारी विभाग लापरवाह रवैया अपनाए हुए है।

**दुकान से जा रही खेप-** सरकारी शराब दुकानों से खेप निकलकर कोचियों और तस्करों तक पहुंच रही है। इन्हें बोरियोंमें भरकर शराब उपलब्ध करवाई जा रही है। यह सिलसिला लगातार जारी है। लोकेशन ऑफिसर और सेल्समेन की भूमिका तो संदिग्ध है ही यहां आबकारी और पुलिस भी इस कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं।

**बीच चौराहे में चल रहा कारोबार-** उदयपुर के अटल चौक के पास चखना दुकानों में शराब बेची जा रही है। हाल ही में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 3 लोगो को जेल भेजा गया था। उसके बाद भी शराब बेचने का काम बंद नहीं हुआ है। सरकारी स्कूल से महज 25 कदम की दूरी पर उदयपुर के बीचोबीच शराब बेची जा रही है। चौक के पास स्कूल होने के चलते छात्र-छात्राओंको यहां से गुजरने में असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत रोड अतरिया के पास कुकरमुंडा चौरस्ता में तो बकायदा शराब कोचिया गद्दीदार बनकर शराब बेच रहा है। छुईखदान-अतरिया के बीच के गांव गभरा में महुआ का बड़ा कारोबार जारी है। ग्राम घिरघोली में भी ऐसी ही स्थिति है। जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है।

**स्थिति बदहाल, कार्रवाई की जरुरत-** ग्राम उदयपुर सरपंच अनीता धुर्वे कहती हैं, अवैध शराब तो चौक में खुलेआम होटल के सामने बेची जा रही है। इसके चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का रास्ते में आना जाना मुश्किल हो गया है। अवैध शराब बेचने वाले के ऊपर बड़ी कार्रवाई की जरूरत है।ग्राम कुकुरमुड़ा सरपंचराजकुमार साहूने बताया कि, अवैध शराब के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। खुलेआमअवैध शराब बेचने वालो को आसानी से देखा जा सकता है। गांव मे आए दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट होता रहता है।

**बंद हो अवैध कारोबार-** इधर, छुईखदान नगरवासी संजय शर्मा कहते हैं, अवैध शराब का कारोबार करने वालो के हौसले बुलंद है। मोहल्ले और नगर का माहौल खराब हो रहा है। इसके कारण नगर में आए दिन घटना घट रही है। इस पर कड़ी कार्यवाही की जरूरत है। रोड अतरिया के मोती जंघेल ने बताया कि, सुबह हो या रात लोगो को शराब आसानी से मिल जाता है। इसके चलते पीने वाले लोग पी-खाकर गाली-गलौज लड़ाई-झगड़ा करते हैं। अवैध शराब के इस धंधे को बंद करवाना चाहिए।

अवैध शराब कहां बिक रही है और कहां-कहां कार्रवाई की गई है यह उप निरीक्षक नीलम जी ही बता सकती हैं। मेरा काम दुकान के अंदर तक का है। अवैध शराब पर कार्रवाई करना उनकी जिम्मेदारी है।

**सीपी सिंग, सहायक जिला आबकारी अधिकारी**

अवैध शराब बेचने वालो के ऊपर कार्यवाही की जा रही है और आगे भी की जाएगी। अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध शराब बेचने वालो को जेल भेजा जाएगा।

**जितेंद्र बंजारे, थाना प्रभारी छुईखदान**

# उज्जवला योजना के तहत सिंगदई में गैस टंकी एवं चूल्हे का वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उज्जवला गैस योजना के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई में तक़रीबन 45 गरीब परिवारों को गैस टंकी व चूल्हे का वितरण किया गया। पार्षद अरुण देवांगन द्वारा नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, महामंत्री हकीम खान के आतिथ्य में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने सदैव ऐसी योजनाओं को देश में लागू किया है जिससे गाँव, गरीब, किसानों का हित हो। चूल्हे के धुएं से निजात दिलाने घर ग्रह तक गैस चूल्हा निशुल्क पहुंचाने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री को मैं बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। आज गाँव की महिलाओं को धुएं से निजात मिला है जिसके वजह से वो बहुत सी गंभीर बीमारियों से मुक्त हो चुकी हैं।गैस टंकी एवं चूल्हा का वितरण के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक देवांगन, सुनील साहू, तीरथ साहू, विमल साहू,पुरन ठाकुर, संतोष देवांगन, कंगलू ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान को लेकर 2 हजार किलो मीटर से अधिक सफर तय कर ब्रजराज पहुॅचे मुंगेली जिला

## गांव, स्कूल, कॉलेज सहित अनेक जगह जाकर युवाओं को किया जागरूक : ब्रजराज रजक

■ कलेक्टर राहुल देव ने ब्रजराज रजक की कार्य की सराहना करते हुए दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




नशा मुक्ति अभियान को लेकर बिलासपुर निवासी एक युवक ब्रजराज रजक ने छत्तीसगढ़ के सभी जिले में सायकिल से भ्रमण कर नशामुक्ति जीवन जीने के संदेश दे रहे है। इस दौरान दो माह में 02 हजार किलो मीटर से अधिक सफर तय कर जिला मुंगेली पहुँचे। इस अवसर पर कलेक्टर परिसर पहुॅचकर कलेक्टर राहुल देव से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर देव ने ब्रजराज रजक की कार्य की सराहना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। ब्रजराज रजक समाज सेवक के साथ-साथ यूट्यूबर भी है। जिसके माध्यम से लोगों को जागरूक करते रहते है। उन्होने कहा कि समाज में बढ़ती नशाखोरी को देखते हुए स्वयं से यह अभियान लगभग 03 सालों से चला रहा है जिसके अंतर्गत गांव, स्कूल, कॉलेज सहित अनेक जगह जाकर युवाओं को जागरूक करता है। नशा मुक्ति संदेश को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में साईकल यात्रा करते हुए लगभग 63 दिन हो रहा है। यात्रा की शुरूआत बिलासपुर होते हुए सरगुजा, रायपुर, बस्तर एवं दुर्ग संभाग होते हुए मुंगेली जिला पहुॅचा। ब्रजराज रजक ने यात्रा के दौरान कई परेशानियों का सामना भी किया। उन्होने कहा कि यात्रा में भूखा प्यासा जंगलों में रुका, दूर्घटना भी हुआ लेकिन यात्रा नहीं रुका। उन्होने बताया कि आज हमारे समाज में ऐसे कई घटना देखने को मिलते हैं जो चिंतनीय और गंभीरता का विषय बनी हुई है। ब्रजराज ने बताया कि पूरे परिवार को छोड़कर बिना किसी स्वार्थ के यात्रा कर रहे है। बृजराज रजक ने बताया कि सीजी टूरिस्ट गाईड के नाम से यूट्यूब चेनल है जिसमें डेढ़ लाख से अधिक सदस्य भी जुड़े हुए है। जिसमें विशेष रूप से दुर्गेश कुमार साकत, माइकल जैक्सन फूलचंद, और पत्थर जैसे बन रही 09 वर्ष की बच्ची राजेश्वरी को यू ट्यूब के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में विशेष भूमिका रहा। वही यूट्यूब की मिलने वाली राशि से ही कई गरीब बच्चों की ईलाज के लिए मदद भी किया है और कोरोनाकाल में ढाई सौ परिवार को राशन वितरण एवं रायपुर तक हॉस्पिटल सेवा किया है। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार का ईनाम सम्मान की अपेक्षा नही रखता है। इस दौरान मुंगेलिहा यूट्यूबर कोमल देवांगन भी मौजूद थे।

# संदिग्ध तथा अमानक पाए जाने पर 156 बोरी धान जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com





धान खरीदी केंद्र पेंड्रा में बिक्री हेतु लाए गए धान संदिग्ध होने पर तथा अमानक पाए जाने पर कुल 156 बोरी धान जप्त जप्त कर समिति प्रबंधक पेंड्रा को सुपुर्द किया गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार कोचिओं एवं बिचौलियों द्वारा अवैध तरीके से समर्थन मूल्य पर धान खपाए जाने पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में आज डिप्टी कलेक्टर सह तहसीलदार पेंड्रा ऋचा चंद्राकर के नेतृत्व में जांच दल द्वारा जप्ती की कार्रवाई की गई। पेण्ड्रा के किसान बजरंग लाल का धान छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन मर्यादित केएमएस 2021-22 के बोरे में लाया गया था जो कि यह बोरी शासन द्वारा दिया जाता है, संधिग्ध होने के कारण 100 बोरी धान एवं रेडण्ड चेक करने पर 24 बोरी धान अमानक होने पर जप्त की गई। इसी तरह ग्राम पडरिया के किसान विजय कुमार द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण 13 बोरी धान, ग्राम धनगंवा के किसान राजेश श्रीवास द्वारा लाए गए धान मिक्स होने के कारण 12 बोरी और ग्राम पडरिया कि किसान मोहन द्वारा लाया गया धान पुराना तथा गुणवत्ताहीन होने के कारण 7 बोरी धान जप्त कर समिति प्रबंधक पेंड्रा के सुपुर्द किया गया।

# कोरोना संक्रमण की संभावित खतरे से निपटने जिला चिकित्सालय में किया गया मॉक ड्रिल

■ कलेक्टर ने संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा कोविड के नए वेरिएंट बीएफ -7 संक्रमण के खतरे ध्यान में रखते हुए आपात स्थिति में निपटने के लिए जिला चिकित्सालय में आज मॉक-ड्रिल किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर ने कोरोना से बचाव एवं इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली तथा सभी उपकरण क्रियाशील रखने, संधारण योग्य उपकरणों का परीक्षण और सुधार सुनिश्चित करने तथा पूर्व में कोविड प्रबंधन में ड्यूटी कर चुके मेडिकल टीम को भी तैयार रखने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं सिविल सर्जन डॉ बीपी चंद्रा ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कोविड केयर सेंटर, आईसोलेशन वार्ड, वेंटीलेटर व्यवस्था तथा आक्सीजन की आपूर्ती के लिए पीएसए प्लांट आदि की जानकरी दिये। उन्होने बताया कि जिले में 3 समुदायिक केंद्र, 14 प्राथमिक केंद्र एवं 3 प्री फेब आइसोलेशन वार्ड को सुदृढ़ कर लिया गया है। इन केंद्रों में पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कॉन्सेन्ट्रेटर के साथ ही जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है। कोरोना की जांच के लिए आरटीपीसीआर, एंटीजन एवं ट्रूनाट जांच के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालय में नियमित जांच के लिए निर्देशित किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि मॉक ड्रिल के उपरांत भारत सरकार के पोर्टल में सभी जानकारियां अपलोड कर लिया गया है।

# कलेक्टर से 36वां इंटरनेशनल सॉफ्ट बाल खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार ने की सौजन्य मुलाकात

## कलेक्टर ने दी बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

■ जिला प्रशासन द्वारा खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने किया जा रहा हर संभव प्रयास : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर से जिला कलेक्टोरेट में मुंगेली के इंटरनेशनल सॉफ्ट बाल खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार ने सौजन्य मुलाकात की। ताम्रकार ने बताया कि वे गुजरात में आयोजित 36वां नेशनल गेम्स सॉफ्ट बाल खेल में प्रदेश की ओर खेलते हुए रजत पदक प्राप्त किया है और टूर्नामेंट में एक ही मैच में दो होम रन बनाने के लिए उन्हें बेस्ट खिलाड़ी ऑफद टूर्नामेंट की खिताब से नवाजा गया है। कलेक्टर देव ने ताम्रकार की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और उन्हें अपनी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ताम्रकार का मुंगेली जिले से एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनकर उभरना और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त करना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने ताम्रकार को अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु हर आवश्यक मदद की बात कही। तत्पश्चात ताम्रकार ने बताया कि वे इसके पूर्व भी भारतीय टीम की ओर खेलते हुए अण्डर 17 सॉफ्टबॉल मेंस एशिया कप 2019, मलेशिया एवं अंडर 23 सॉफ्टबॉल मेंस एशिया कप, कोची, जापान में खेलते हुए देश के लिए पदक प्राप्त कर चुके हैं।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहे श्रद्धेय स्व. मुनी राम साहू के जन्मदिवस एवं पुण्यतिथि मनाई गई, इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिलू साहू ने उनके फोटो पर माल्यापर्ण करते हुए उन्हे याद किया, और उनके बताये रास्ते में चलने अपील की। उन्होने कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान लोरमी विधानसभा से उन्होने विधायक के रूप जनकल्याण कारी अनेक कार्य किये। साहू की स्मृति में उनके जन्मभूमि व कर्मभूमि के ग्राम पंचायत डोगरीगढ (लोरमी) में साहू परिवार एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के द्वारा आयोजीत श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान आसपास के दर्जनभर गांव के लोग शामिल हुए। उनकी स्मृति में लगभग हजार के संख्या में हितग्राहियों को कंबल एवं झोला वितरण किया गया। तथा उपस्थित लोंगो को भोजन व जलपान ग्रहण कराये। इस दौरान प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार सहित आसपास के सरपंच,पंचगण शामिल होकर हितग्राहियों को कंबल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पृथ्वीग्रीन कॉलोनी मुंगेली में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती समारोह बहुत ही गरिमामय ढंग से, धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें सुबह चैका पूजा आरती के साथ शुरू होकर दोपहर में पृथ्वीग्रीन कालोनी से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक भव्य शोभायात्रा निकाला गया। उसके बाद शाम 4.00 बजे से मनमोहक पंथी नृत्य की प्रस्तुति हुआ।तत्पश्चात हमारे बीच जयंती समारोह कार्यक्रम में मुंगेली जिला के स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी बुध्दिजीवी एवं सामाजिक नेतागण अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें प्रमुख रुप से मुंगेली क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले , छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू , मुंगेली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, छाया विधायक राकेश पात्रे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जवाहर साहू, घनश्याम वर्मा, लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू,पवन पांडेय उपाध्यक्ष जनपद पंचायत उपस्थित रहे।

# बालको को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिला गोल्ड पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◀ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) को आसपास के नागरिकों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और भलाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आरोग्य वर्ल्ड द्वारा हेल्दी वर्कप्लेस श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आरोग्य वर्ल्ड गैर-लाभकारी वैश्विक स्वास्थ्य संगठन है जो बड़ी बीमारियों की रोकथाम की दिशा में काम कर रहा है। यह स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की दिशा में निश्चित कदम उठाने के लिए लोगों को शिक्षित, सशक्त बनाता है। पुरस्कार कर्मचारियों के स्वास्थ्य और भलाई के प्रति बालको के सर्वोत्तम सामुदायिक विकास संस्कृति का प्रमाण है। बालको अपने 75 सुपर स्पेशिएलिटी बेड युक्त बालको अस्पताल के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, ठेकाश्रमिकों और स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति पूरी दक्षता से की है। बालको अस्पताल में मेडिसीन, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, फिजियोथेरेपी और सामान्य सर्जरी आदि की सुविधाएं हैं। ओपन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी भी किए जा जाते हैं। सामान्य व सिजेरिएयन प्रसव तथा स्त्री रोग संबंधी इलाज के साथ ही महीने में एक बार हृदय रोग विशेषज्ञ, मूत्र रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ, पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ और न्यूरोसर्जन संबंधित विज़िटिंग कंसल्टेंट डॉक्टर अपनी सेवाएं देते हैं। शुरूआती अवस्था में ही बीमारी की पहचान के लिए समय-समय पर शिविर आयोजित किए जाते हैं। एंटीनेटल शिविर, कैंसर जागरूकता शिविर, अस्थि घनत्व मापन शिविर आदि के जरिए नागरिकों को बीमारियों के लक्षणों और उसकी चिकित्सा पद्धतियों से अवगत कराया जाता है। भारत सरकार की आयुष्मान योजना के अंतर्गत अस्पताल में जरूरतमंदों को आर्थोपेडिक्स, ई.एन.टी., सामान्य सर्जरी आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। कोरबा क्षेत्र में एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा के लिए बालको अस्पताल सालाना लगभग 2 लाख रोगियों का इलाज करता है।

बालको अपने 'चलित स्वास्थ्य इकाई' (एमएचयू) के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। हेल्प एज इंडिया के सहयोग से संचालित 'चलित स्वास्थ्य इकाई' बालकोनगर के समीप स्थित ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 45 समुदायों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। अबतक इस परियोजना से लगभग 15000 नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। बालको की एक और परियोजना ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट है जिससे सालाना लगभग 3000 निवासियों को उनके इलाके में सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करके लाभान्वित कर रही है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत पति ने अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों के उत्कृष्ट सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बालको अस्पताल साढ़े चार दशकों से ऐसे स्वास्थ्य केंद्र के रूप में काम कर रहा है जहां क्षेत्रीय नागरिकों के लिए विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं मौजूद हैं। क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में अस्पताल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं समृद्धशाली आकार देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। बालको आसपास के इलाकों में रहने वाले समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



छत्तीसगढ़ शासन

4 खुशहाल

# छत्तीसगढ़

## खेती-किसानी बनी फायदे का सौदा




**9,270 करोड़ रु**
कृषि ऋण माफ़

**324 करोड़ रु**
सिंचाई कर माफ़

**16,415 करोड़ रु**
की आदान राशि का भुगतान

**10,400 करोड़ रु**
की बिजली पर राहत



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**पंजीकृत किसान**
15.77 लाख से बढ़कर 25.93 लाख

**धान खेती का रकबा**
22.30 लाख से बढ़कर 30.11 लाख हेक्टेयर

**धान खरीदी**
56.88 लाख से बढ़कर 98 लाख मीट्रिक टन

**ट्रैक्टर खरीदी**
76 हज़ार से ज्यादा

SAMVAD 35049/1

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403